संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, सोमवार, 26 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 173 पृष्ठ: 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा-2022 की टॉपर इशिता किशोर और 03 अन्य सफल अभ्यर्थियों से को सम्मानित किया।

# पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च राजकीय सम्मान

## प्रेसिडेंट अल-सीसी ने ऑर्डर ऑफ नाइल से सम्मानित किया, 11वीं सदी की मस्जिद भी पहुंचे पीएम

**सम्मान**

**8 मोदी ने अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। भारत के बोहरा समुदाय की सहायता से दोबारा बनाया गया ह**

**टीम एक्शन इंडिया/काहिरा**
**2 दिन** के दौरे पर मिस्र पहुंचे पीएम मोदी ने राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से मुलाकात की। सीसी ने उन्हें मिस्र के सर्वोच्च राजकीय सम्मान 'ऑर्डर ऑफ नाइल' से सम्मानित किया। इसके पहले मोदी ने 11वीं सदी की अल-हाकिम मस्जिद का दौरा किया। इसे भारत के बोहरा समुदाय की सहायता से दोबारा बनाया गया है।

प्रधानमंत्री हेलियोपोलिस स्मारक भी गए। यहां उन्होंने पहले विश्व युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह स्मारक राष्ट्रमंडल ने बनवाया है। यह उन 3,799 भारतीय सैनिकों को समर्पित है, जिन्होंने इजिप्ट में प्रथम विश्व युद्ध के में अपनी जान गंवा दी थी।



### क्या है ऑर्डर ऑफ नाइल...

**इजिप्ट** में इसे 'किलादात अल नाइल'कहा जाता है। 1915 में इसकी शुरूआत सुल्तान हुसैन कामिल ने की थी। यह अवॉर्ड उन लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने देश सेवा में अहम योगदान दिया हो। 1953 में मिस्र गणतंत्र बना और इसके बाद ऑर्डर ऑफ नाइल को देश के सर्वोच्च सम्मान का दर्जा दिया गया। इसमें जो नाइल शब्द है, वो दरअसल नील नदी से जुड़ा है। इस अवॉर्ड की चार कैटेगरीज हैं।

### 26 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का दौरा

**मिस्र** की जियोग्राफिक और स्ट्रैटेजिक लोकेशन सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए कई मायनों में बेहद अहम है। 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री इजिप्ट दौरे पर पहुंचा है। सऊदी अरब के अखबार द नेशनल से बातचीत में पूर्व डिप्लोमैट अनिल त्रिगुणायत ने कहा- मोदी का यह दौरा भारत और इजिप्ट के करीबी रिश्तों को दिखाता है। अब



तक इजिप्ट का लगभग हर प्रेसिडेंट भारत दौरे पर गया है। अनिल लीबिया और जॉर्डन में भारत के ऐंबेसडर रह चुके हैं। अनिल कहते हैं- इजिप्ट भारत को बहुत अहमियत दे रहा है। अफ्रीका में यह सबसे ज्यादा आबादी वाला देश है। भारत के लिए भी इजिप्ट अहम है। अच्छी बात ये है कि दोनों देशों के लोगों के बीच भी बहुत करीबी रिश्ते रहे हैं। भारत की आजादी के बाद से ही दोनों देश किसी न किसी तौर पर जुड़े रहे हैं। इजिप्ट भारत के साथ डिफेंस और टेक्नोलॉजी सेक्टर में ट्रेड पर फोकस कर रहा है।



### मोदी को इजिप्ट के पीएम ने रिसीव किया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दो दिन के दौरे पर इजिप्ट पहुंचे। मोदी को एयरपोर्ट पर वहां के प्रधानमंत्री ने रिसीव किया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। 1997 के बाद पहली बार कोई भारतीय प्रधानमंत्री मिस्र पहुंचा है। मोदी यहां भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की। मिस्र में भारत के एंबेसडर अजीत गुप्ते ने कहा कि भारत और मिस्र के व्यापारिक संबंध चार हजार साल पुराने हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा से संबंध और मजबूत होंगे। काहिरा के होटल पहुंचने पर भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान वंदेमातरम और मोदी-मोदी के नारे भी लगे। साड़ी पहन मिस्र की एक महिला जेना ने मोदी को फिल्म शोले का गीत ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे... गाकर सुनाया। मोदी ने तब आश्चर्य हुआ जब महिला ने बताया कि वह बहुत कम हिंदी जानती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्र की हेलियोपोलिस वार मेमोरियल भी भी गए और पुष्पांजलि अर्पित की।

## मणिपुर में भीड़ ने प्रतिबंधित-ग्रुप के 12 लोगों को छुड़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**
**मणिपुर** में हिंसा से निपटना सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है। एक और उपद्रवी तत्व हिंसा फैलाने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून के अनुसार कार्रवाई करने की राह में सुरक्षाबलों को अनेक रुकावटें आ रही हैं। सुरक्षा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय महिला संगठन जवानों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा कर प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं का आरोप है कि इंफाल पूर्व के कांग्लातोंबी इलाके की महिलाओं ने कांग्लातोंबी बाजार बोर्ड की महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार किया।

# योगी ने गौतमबुद्धनगर को दी सौगात



**विकास कार्य**

**8 1719 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात, कुल 124 परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास**

**टीम एक्शन इंडिया/गौतमबुद्धनगर**
**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रवि**वार को गौतमबुद्धनगर जिले में 1719 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 124 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। ये परियोजनाएं नोएडा और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने नोएडा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान आपातकाल की 48वीं बरसी पर 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर तैयार हो रहे विपक्षी गठजोड़ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जेपी और लोहिया के नाम पर राजनीति करने वाले लोग लोकतंत्र की हत्या करने वाली कांग्रेस के साथ हैं। योगी ने कहा कि आज ही के दिन वर्ष 1975 में कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। वहीं भारत से अलग होने वाला पाकिस्तान एक-एक रोटी के लिए मोहताज है। अपने कृत्यों के कारण बहुत ही जल्द उत्तर प्रदेश के माफिया की तरह पाकिस्तान भी ठंडा हो जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने जनता की सुरक्षा के लिए नोएडा पुलिस को 15 नए बोलेरो वाहन सौंपे।

म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट को लेकर सांकेतिक तौर पर एमओयू मसौदे का हस्तांतरण किया गया।

# संघ के मुखपत्र में इंदिरा गांधी की तुलना हिटलर से




**निशाना साधा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई थी। इमरजेंसी के 48 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की पत्रिका पांचजन्य ने इंदिरा गांधी की तुलना जर्मनी के तानाशाह हिटलर से की है। पांचजन्य पत्रिका ने अपने नए अंक के कवर पेज पर हिटलर और इंदिरा गांधी की तस्वीर लगाई है और इसे 'हिटलर गांधी' का नाम दिया है। पत्रिका ने लिखा है- दो तानाशाह, एक जैसी इबारत। पत्रिका ने लिखा- हिटलर के जघन्य अपराधों को नकारने अथवा भुलाने पर यूरोप में कई जगह कानूनी पाबंदी है। यह उनके लिए अस्तित्व की रक्षा का प्रश्न है। यही स्थिति भारत में इंदिरा गांधी के लगाए आपातकाल की है, जिसे भुलाना लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए खतरनाक हो सकता है। आइए, याद करें 25 जून 1975 की काली रात से शुरू हुई वह दास्तान...।

### इतिहास में भुलाए जाने वाला समय: मोदी

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर लिखा- मैं उन सभी साहसी लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया और हमारी लोकतांत्रिक भावना को मजबूत करने के लिए काम किया। नड्डा ने लिखा- 25 जून 1975 को एक परिवार ने अपने तानाशाही प्रवृत्ति के कारण देश के महान लोकतंत्र की हत्या कर आपातकाल जैसा कलंक थोपा था। जिसकी निर्दयता ने सैकड़ों वर्षों के विदेशी शासन के अत्याचार को भी पीछे छोड़ दिया।

## 'सेना ने मस्जिद में जय-श्रीराम के नारे लगवाए'

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
**जम्मू-कश्मीर** की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने सेना के जवानों पर मुस्लिमों से जय श्री राम के नारे लगवाने का आरोप लगाया है। महबूबा ने शनिवार को एक ट्वीट करके कहा- 50 बटालियन के जवान पुलवामा की एक मस्जिद में घुसे और मुस्लिम लोगों से जबरदस्ती नारे लगवाए। उन्होंने लिखा- 50 राष्ट्रीय राइफल्स के जवानों के पुलवामा की मस्जिद में घुसने और वहां मौजूद मुस्लिमों को जय श्री राम कहने के लिए मजबूर करने की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। जब अमित शाह यहां है तब ऐसी हरकत करना और वो भी यात्रा से कुछ समय पहले, ये सिर्फ उकसाने के लिए किया गया है।

# एमक्यू-9 बी ड्रोन की कीमतें तय नहीं

**स्पष्ट किया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रक्षा मंत्रालय** (एमओडी) ने अमेरिका से खरीदे जाने वाले 31 एमक्यू-9बी ड्रोन को लेकर साफ किया है कि अभी इनकी कीमतें तय नहीं हुई हैं, अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर बातचीत की जाएगी। कीमत और खरीद की अन्य नियम एवं शर्तें अभी तय नहीं की गई हैं और ये बातचीत के अधीन हैं। एमओडी जनरल एटॉमिक्स (जीए) से तालमेल करके अन्य देशों की तुलना में सर्वोत्तम कीमत से खरीद करेगा।



रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 15 जून को तीनों सेनाओं के लिए 31 एमक्यू-9बी हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (हेल) रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम के अधिग्रहण के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की। इसमें 16 स्काई गार्जियन और 15सी गार्जियन ड्रोन हैं। यह

**8 अमेरिकी सरकार की नीति मंजूरी मिलने के बाद कीमत पर ड्रोन के दाम पर होगी बातचीत**

खरीद संयुक्त राज्य अमेरिका से विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग से की जानी है। एओएन में संबंधित उपकरणों के साथ खरीदे जाने वाले यूएवी की संख्या शामिल थी। हालांकि, डीएसी ने एओएन में अमेरिकी सरकार से प्रदान की गई 3,072 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत का उल्लेख किया।

# 'इमरजेंसी थोपने वाली कांग्रेस की गोद में बैठे लालू-नीतीश'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**
**बिहार** के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि 48 वर्ष पूर्व देश में आपातकाल घोषित करने वाली कांग्रेस की गोद में लालू प्रसाद और नीतीश कुमार बैठ गए हैं।देश में इमरजेंसी थोपने वाली कांग्रेस और उसका साथ देने वाले लालू-नीतीश को कभी बिहार की जनता माफ नहीं करेगी। सुशील मोदी ने रविवार को बयान जारी कर कहा

**8 कांग्रेस और उसका साथ देने वाले लालू-नीतीश को कभी बिहार की जनता माफ नहीं करेगी**

कि लालू-नीतीश सरकार ने बिहार में आपातकाल जैसी स्थिति पैदा कर दी है। विपक्षी एकता सम्मेलन के दौरान भाजपा के 100 से ज्यादा होर्डिंग को हटा दिया गया।

# 'पति की खरीदी संपत्ति में पत्नी बराबर की हकदार'

**ऐतिहासिक**

**टीम एक्शन इंडिया/चेन्नई**
**एक** महत्वपूर्ण फैसले में मद्रास हाईकोर्ट ने हाल ही में कहा कि एक पत्नी, उस संपत्ति में बराबर की हकदार हे, जिसे उसके पति ने अपने नाम पर खरीदा है। ऐसा इसलिए क्योंकि उसने घरेलू कामकाज करके पारिवारिक संपत्ति के बनाने और खरीदने में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया है। जस्टिस कृष्णन रामासामी ने कहा कि हालांकि वर्तमान में ऐसा कोई कानून नहीं है जो पत्नी के योगदान



को मान्यता देता हो, कोर्ट ही इसे अच्छी तरह मान्यता दे सकता है। कानून भी किसी जज को पत्नी के योगदान को मान्यता देने से नहीं रोकता है। कन्नियन नायडू नाम के शख्स ने एडिशनल डिस्ट्रिक्ट और सेशन कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिसमें उसने कहा था कि उसकी पत्नी वो संपत्ति हड़पना चाहती है, जिसे खरीदने के लिए

**8 घरेलू कामकाज करके पारिवारिक संपत्ति के बनाने और खरीदने में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान दिया है**

लिए उसने पत्नी को पैसे भेजे थे। कन्नियन ने कोर्ट से कहा था कि विदेश में रहते हुए वह अपने नाम पर संपत्ति नहीं खरीद सकता था, इसलिए उसने पत्नी के नाम पर खरीदा। इस मामले में कन्नियन की पत्नी कंसाला ने कहा कि वह सभी संपत्तियों में बराबर की हकदार है।

**भड़काऊ** औवेसी ने हाथ उठाकर चुप रहने का इशारा किया, बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने कडासने से औवेसी की सभा की शिकायत की थी

# असदुद्दीन औवेसी की रैली में नारे लगे- औरंगजेब अमर रहे के नारे

**शिकायत**

**8 भाषण के बीच कुछ लोगों ने औरंगजेब अमर रहे... के नारे लगाने शुरू कर दिए, वीडियो वायरल हो गया**

**टीम एक्शन इंडिया/औरंगाबाद**
**ऑल** इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी शनिवार को बुलढाणा के मलकापुर में जनसभा कर रहे थे। उनके भाषण के बीच कुछ लोगों ने औरंगजेब अमर रहे... के नारे लगाने शुरू कर



दिए। इसका वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो में लोगों को यह कहते सुना गया कि जब तक सूरज चांद रहेगा, औरंगजेब का नाम रहेगा। जब ये नारेबाजी हो रही थी तब औवेसी इन लोगों को हाथ से चुप रहने का इशारा करते नजर आ रहे थे। हालांकि, बाद में औवेसी ने कहा कि कुछ न्यूज चैनलों ने मेरी सभा में औरंगजेब के नारे लगने की झूठी खबरें चलाई हैं। मैं उनके खिलाफ केस करूंगा।

बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने बुलढाणा एसपी सुनील कडासने से औवेसी की सभा में औरंगजेब के नारे लगने की शिकायत की थी। उन्होंने नारे लगाने वालों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। जिसके बाद, पुलिस ने वीडियो की जांच कर कानूनी कार्रवाई की बात कही। ओवैसी ने जनसभा के दौरान 23 जून को पटना में हुई विपक्षी पार्टियों की मीटिंग पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा - मुझे नहीं पता कि हमें क्यों नहीं बुलाया गया। जलील ने जो मुद्दा उठाया है वो गंभीर है।

### कोल्हापुर में औरंगजेब पर पोस्ट पर हुई थीं हिंसा

**कोल्हापुर** में औरंगजेब की तारीफ में एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई थी। जिसमें दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडे चले और पत्थरबाजी हुई थी। इस दौरान पुलिस को प्रदर्शन कर रही भीड़ को तितर-बितर करने लाठी चार्ज करना पड़ा था। दरअसल, एक वॉट्सऐप ग्रुप पर औरंगजेब की तारीफ में कुछ लोगों ने एक पोस्ट वायरल किया था। इसके विरोध में हिन्दू संगठनों ने कोल्हापुर बंद का ऐलान किया था। वे इन लोगों पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

# प्रेमी पर लगा पोस्को केस खारिज किया

**फैसला**

**टीम एक्शन इंडिया/शिलॉन्ग**
**मेघालय** हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति पर पोस्को के तहत दर्ज किए केस को खारिज करते हुए उसे रिहा कर दिया। शिलॉन्ग बेंच ने आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने पॉक्सो के तहत दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी। आरोपी जॉन फ्रैंकलिन का दावा था कि उसने नाबालिग का यौन उत्पीड़न नहीं किया है, बल्कि दोनों ने सहमति से शारीरिक संबंध बनाए थे, क्योंकि दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। जस्टिस डिएंगदोह ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इसमें कोई अपराध शामिल नहीं है। 16



साल की नाबालिग इस पर फैसला लेने के काबिल है कि सेक्स करना सही है या गलत।

**क्या था मामला:** रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी जॉन फ्रैंकलिन कई घरों में काम करता था। इस दौरान उसकी लड़की से मुलाकात हुई। इसके बाद दोनों ने जॉन के रिश्तेदार के घर सहमति से शारीरिक संबंध बनाए। लड़की की मां को जब यह पता चला तो

**8 16 साल के किशोर ये फैसला करने में सक्षम कि सेक्स करना सही या गलत: हाईकोर्ट**

उन्होंने जॉन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई। जॉन पर पोस्को एक्ट 2012 की धारा 3 और 4 के तहत केस दर्ज हुआ। इसके खिलाफ जॉन ने हाईकोर्ट में अपील की। जॉन ने कहा कि यह यौन उत्पीड़न नहीं है, क्योंकि नाबालिग ने की धारा 164 के तहत अपने बयान और कोर्ट में गवाही के दौरान कहा है कि दोनों प्रेमी-प्रेमिका हैं।

# विधायक ने लिया नुकसान का जायजा

**बारिश से बेहाल**

**8 यातायात अवरुद्ध हो गया है तो वहीं कई जगह भूस्खलन के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया**



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**प्रदेश** में पिछले 24 घंटों से हो रही बारिश आफत बनकर बरस रही है। बारिश से जहां कई जगहों पर यातायात अवरुद्ध हो गया है तो वहीं कई जगह भूस्खलन के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मंडी जिला की सदर विधानसभा क्षेत्र की मान्थला पंचायत में अवैध रूप से की गई डंपिंग के कारण बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस गया है तो वही मलबे की चपेट में लोगों के खेत, प्राचीन जलस्त्रोत व पंचायत का सामुदायिक भवन भी आ गया है। मान्थला पंचायत के उपप्रधान प्रेम सिंह ने बताया कि इन दिनों मंडी कोटली एनएच का कार्य चला हुआ है और एक निजी संस्थान के कहने पर एनएचआई ने उनकी पंचायत पर डंपिंग साइट बना दी, जिसका पंचायत ने विरोध किया और उपायुक्त मंडी को भी समस्या से अवगत कराया था।उन्होंने कहा कि पिछले 24 घंटों में हुई बारिश के कारण सारा डंप किया हुआ मलबा लोगों के घरों और खेतों में घुस गया जिससे लोगों का भारी नुकशान हुआ है। उन्होंने जिला उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी से जल्द समस्या को हल करने की गुहार लगाई है और लोगों को हुए नुकसान क मुआवजा देने की भी मांग की है। सदर विधायक अनिल शर्मा ने मण्डी विधान सभा के मानथला पंचायत में बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा। रात को हुए मूसलाधार बारिश के कारण नाले में बाढ़ आने से मानथला पंचायत के सामुदायिक भवन और एक प्राकृतिक जल स्त्रोत को भरी नुकसान पहुंचा है। सामुदायिक भवन के कमरों में मलवा और पत्थर भर गए। सदर विधायक को सूचना मिलते ही वो मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। प्रशासन और पीडब्ल्यूडी सहित जल शक्ति विभाग को राहत और रोड बहाली के निर्देश मौके पर दिए। मौके पर मान्थला पंचायत की प्रधान अनिता शर्मा, उप प्रधान प्रेम सिंह, वार्ड सदस्य सहित स्थानीय पंचायत के लोग उपस्थित रहे।

# एनसीसी एयर विंग कैडेट अजय का वायु सेना में बतौर अधिकारी प्रशिक्षण चयन



**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**वल्लभ राजकीय** महाविद्यालय मंडी के एनसीसी एयर विंग कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार का चयन भारतीय वायु सेना में बतौर अधिकारी प्रशिक्षण के लिए हुआ है। कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार फ्लाइंग ऑफिसर बनने के लिए एयर फोर्स अकैडमी हैदराबाद में जुलाई 2023 से प्रशिक्षण प्रारंभ करेंगे। हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने जानकारी देते हुए कहा कि कैरेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार ने प्रथम प्रयास में ही वायु सेना संयुक्त प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। भारतीय वायु सेना के सर्विस सिलेक्शन बोर्ड देहरादून में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ऑल इंडिया मेरिट में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। कैरेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार का भारतीय वायुसेना अधिकारी प्रशिक्षण के लिए चयन होने से हिमाचल प्रदेश एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के अधिकारियों व कैडेटों में भारी उत्साह व उमंग की लहर है। कैडेट वारंट ऑफिसर अजय कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन लाल क्रांति सिंह एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर के मार्गदर्शन, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त अपने दादा सिपाही पुरुषोत्तम सिंह, पिता संजय कुमार, माता सरिता देवी, ग्रुप कैप्टन एस के शर्मा, गुरुजनों के आशीर्वाद, समय प्रबंधन, कठोर परिश्रम व एनसीसी प्रशिक्षण को दिया है।

अजय कुमार ने कहा कि फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन के व्यक्तित्व से प्रेरित होकर भारतीय वायुसेना को बतौर अधिकारी ज्वाइन करने का निर्णय लिया। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी फ्लाइंग ऑफिसर डॉ. चमन ने उनके व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## नदी के जल से खेतों को हुए नुकसान का प्रशासन ने लिया जायजा



**मिलेगा मुआवजा**

**8 किसानों व बागवानो के हुए नुकसान का जल्द ही के मुआवजा प्रदान किया जाए**

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**
**जाहलमा ग्राम** पंचायत के नाले में ग्लेशियर पिघलने से बढ़े जलस्तर से चंद्रभागा नदी का बहाव संकुचित होने के कारण ग्राम पंचायत जोबरंग के नदी किनारे खेतों में फसल व बगीचों को हुए नुकसान का प्रशासन ने दौरा कर जायजा लिया। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने आदेश जारी किए हैं कि किसानों व बागवानो के हुए नुकसान का जल्द ही राहत व बचाव मैनुअल के तहत मुआवजा प्रदान किया जाए। शुक्रवार को उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने तुरंत आदेश जारी करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल्द घटनास्थल का दौरा करने का निर्देश जारी किए हैं। सहायक आयुक्त संकल्प गौतम की अध्यक्षता में गठित टीम में शामिल एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा,अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग अजय वर्मा, सहायक अभियंता भूपेंदर पाल व साथ में मौजूद पंचायत के प्रतिनिधियों ने जाहलमा नाले व जोबरंग पंचायत के चंद्रभागा नदी किनारे खेतों का दौरा किया सहायक आयुक्त संकल्प गौतम ने टीम के साथ देर शाम तक निरिक्षण करने के उपरांत बताया कि चंद्रभागा नदी में जहालमा नाले के बाढ़ मेंआए मलबे के कारण चंद्रभागा नदी के दाहिने किनारे पर गाद एकत्रित होने की वजह से इस स्थान पर नदी का बहाव संकुचित हुआ है। जिसकी वजह से अस्थाई तौर पर नदी का जलस्तर बढने से खेतों व ागीचों में नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। तुरंत ही राहत व बचाव मैनुअल के तहत राहत राशि प्रभावित परिवारों को प्रदान कर दी जाएगी। सहायक आयुक्त ने बताया कि जल शक्ति विभाग व लोक निर्माण विभाग नदी के बहाव के स्थान पर मशीनरी के द्वारा एकत्रित मलबे को हटाने का कार्य नाले का बहाव कम होते ही शुरू करें गें द्य जिसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

## स्थानीय लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से किया रेस्क्यू

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री। सुबह-सुबह** अपने टमाटर के खेतों में काम करने गए शख्स की जान उस वक्त आफत में फंस गई जब अचानक बाढ़ आ गई और चारों तरफ पानी का सैलाब उमड़ पड़ा। मामला बल्हघाटी के नागचला के पास का है। सुबह करीब 7 बजे घनश्याम नामक व्यक्ति अपने टमाटर के खेतों में काम करने गए। इतनें में अचानक बाढ़ आ गई और चारों तरफ पानी ही पानी भर गया। घनश्याम ने फोन करके अपने परिवार वालों को इसकी सूचना दी। इतने में पूरे गांव वालों को पता चल गया और वे घनश्याम को बचाने मौके पर पहुंचे।

# स्की रिजार्ट बनाकर युवाओं को मिल सकता है रोजगारः राहुल




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहपुर/ विजय समयाल**
**केरल** की तर्ज पर पौंग और चमेरा बांध में चलाई जा सकती हैं वाटर ट्रेन सीमेंट प्लांट से समृद्ध और आदर्श संसदीय क्षेत्र बनेगा कांगड़ा-चंबा दुबई में लोगों ने ऑर्टिफिशियल बर्फ के स्की रिजार्ट बनाए हैं, जबकि हमारे पास तो असली बर्फ उपलब्ध है और वो भी फ्री, ऐसे कांगड़ा-चंबा में स्की रिजार्ट बनाकर युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। यह बात युवा नेता एवं जिला पार्षद राहुल पठानिया ने धर्मशाला में युवा संवाद के दौरान कही। राहुल ने कहा कि केरल में वाटर मेट्रो चलाई जा रही है, जबकि प्रयास करें तो कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में पौंग बांध और चमेरा बांध में भी वाटर मेट्रो चलाकर वाटर टूरिज्म को बढ़ाया दिया जा सकता है। राहुल ने कहा कि लंबे समय से जिला चंबा के सीकरी धार में सीमेंट प्लांट की बात उठ रही है, यदि हमारे चंबा में सीमेंट प्लांट लगता है तो हमें विकास के लिए फंड हेतू केंद्र के समक्ष हाथ फैलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र प्रदेश का सबसे समृद्ध और आदर्श संसदीय क्षेत्र बनेगा। स्थानीय लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पाएंगे। आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा टिकट के चाहवान राहुल पठानिया युवाओं से संवाद स्थापित करके कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र को लेकर अपन विजन से रुबरु करवा रहे हैं। पंजाब के अमृतसर में एयरपोर्ट का विस्तार होने उपरांत वहां इंटरनेशनल फ्लाइटस आना शुरू हुई और पूरा इलाका डिवेलप हो गया, ऐसे में कांगड़ा एयरपोर्ट का विस्तार होने से यहां भी इंटरनेशनल फ्लाइटस आएंगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। टनल से कम होगी चुवाड़ी से पठानकोट की दूरी राहुल पठानिया ने कहा कि चुवाड़ी में टनल बनाई जाए तो पठानकोट से चुवाड़ी की दूरी को कम किया जा सकता है। चंबा में मेडिकल कालेज भाजपा की देन है, जबकि पहले चंबा के लोगों को उपचार हेतू पठानकोट जाना पड़ता था, जो कि उन्हें महंगा पड़ता था। हरियाली के दोहन से बढ़ेगा रोजगार राहुल ने कहा कि धौलाधार का पानी राजस्थान तक पहुंचकर उसे हरा-भरा कर सकता है तो हमारे यहां तो हरियाली ही हरियाली है, करके क्यों नहीं रोजगार के अवसर सृजित कर सकते। राहुल ने कहा कि सिक्कम की 100 रुपये प्रति किलो वाली आर्गेनिक फसल 1000 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक सकती है तो हमारी क्यों नहीं, इसके लिए भी हम प्रयास करेंगे।

# चियोग में अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिताएं संपन्न

**प्रतियोगिता**

**8 इस खेलकूद प्रतियोगिता में ठियोग शिक्षा खंड के 28 स्कूलों के 588 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया**



**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**
**राजकीय उत्कृष्ट** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में बीते चार दिनों से चल रही खंड स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिताएं रविवार को संपन हुई। इस खेलकूद प्रतियोगिता में ठियोग शिक्षा खंड के 28 स्कूलों के 588 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। स्थानीय ग्राम पंचायत के प्रधान दिनेश जोगटा ने समापन समारोह की अध्यक्षता की और विजेता और उप विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार बांटे। प्रतियोगिता के परिणााम इस प्रकार रहे। छात्र वर्ग मे वालीबॉल प्रतियोगिता में एमपीएस फागू, कबडडी में डीएवी ठियोग, खो-खो में ब्वायज ठियोग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकल गान और समूहगान में बथलावग स्कूल विजेता रहे। इसी प्रकार छात्रा वर्ग मे वालीबॉल में सरोग, कब्बडी मे एमपीएस चियोग, खो-खो में जुग्गर, सांस्कृतिक कार्यक्रम मे चियोग समूह गान मे बथलावग और एकांकी मे एमपीएस फागू प्रथम स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सन्दीप कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि सहित विभिन्न स्कूलों से आए खिलाडि?ों को अपनी शुंभकामनाएं दी और खेल प्रतियोगिता के दौरान सहयोग और शांति बनाए रखने के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जोन समन्वयक ओपी शर्मा, पूर्व जिप सदस्य सोहन ठाकुर, पूर्व प्रधान गीता राम वर्मा, मोहनलाल चंदेल, शिवदत शर्मा, हीरा सिंह जगटा, सतीश जगटा, गोपाल शर्मा, शिव सिंह जगटा, महेन्द्र वर्मा, महिला मंडल बखोग, एसएमसी के सभी सदस्य, पाठशाला के शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग मौजूद रहे।

## 26 जून को आयोजित होगा नशा निवारण दिवस




**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
**अन्तर्राष्ट्रीय** मादक द्रव्य निषेधध्नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य पर आगामी 26 जून को प्रातः 11 बजे उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में आयोजित होगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोडा ने बताया कि इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू वर्चुअल माध्यम से जिला स्तर के अधिकारियों तथा प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलवाएंगे।

# भारत सरकार के सूचना और प्रसार मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**
**सुजानपुर टीरा** मैदान में लगाई गई चित्र प्रदर्शनी जो दिनांक 21 जून से 25 जून 2023 तक भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंर्तगत केन्द्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा भारत सरकार के नौ साल सेवाए सुशासन और गरीब विषय पर थी आज समापन हो गया। आज के मुख्य अतिथि कुलदीप सिंह चौहान बाल विकासपरियोजना अधिकारी सुजानपुर थे । कुलदीप सिंह चौहान मुख्य अतिथि ने भारत सरकार के 9 साल के सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की विषय पर लगाई गई प्रदर्शनी को अच्छा लाभदायक बताया उन्होंने कहा की इस प्रदर्शनी से लोगों को भारत सरकार की विभिन्न योजना की जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा की इस तरह की प्रदर्शनी व कार्यक्रमों का आयोजन समय.समय पर होते रहने चाहिए जिससे कि लोग भारत सरकार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। इसी दौरान म्यूजिकल चेयररेस व

# डॉ. परमार की जन्मस्थली कांग्रेस के राज में बदहाली के आंसू बहा रही

**खस्ताहाल**

**8 जन्मस्थली चनालग से जुड़ी पंचायतें और दर्जनों गांव विकास के मामले में कोसों दूर जा चुके हैं**



**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**
**हिमाचल** को बनाने वाले डॉ वाईएस परमार के गृह क्षेत्र बागथन आज अपनी बदहाली पर खून के आंसू रोने पर मजबूर है। यही नहीं उनकी जन्मस्थली चनालग से जुड़ी पंचायतें और दर्जनों गांव विकास के मामले में कोसों दूर जा चुके हैं। बनेठी से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान रखने वाले इंटरनल यूनिवर्सिटी वाले बड़ू साहिब तथा राजगढ़ तक लोक निर्माण विभाग की सडक 1981 के बाद से लेकर आज तक पूरी तरह सुधर नहीं पाई है। बागथन से डूंगा घाट तक 13 किलोमीटर की सडक पैदल चलने योग्य भी नहीं रही है। कमोबेश यही हाल बाघथन से हिमाचल निमार्ता डॉ वाईएस परमार की जन्मस्थली चनालग वाली सडक का भी यही हाल है। अब यदि बात की जाए बागथन मे बने वेटनरी हॉर्टिकल्चर, कैटल ब्रीड फार्म और मिल्क चिलिंग प्लांट की बिल्डिंग की तो यह कब गिर जाए कुछ नहीं कहा जा सकता। हैरान कर देने वाला विषय तो यह है कि यह क्षेत्र जिला की 3 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ा हुआ है। जिसमें पच्छाद के अंतर्गत कलसेर यह वह क्षेत्र है जो सांसद और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप के घर से मात्र कुछ किलोमीटर की दूरी पर है। इसके साथ चावला बोहल, डगाल घाट, सिरला से होकर गुजरने वाली लोक निर्माण की सडक। यही सडक बागथन से आगे जाकर चरपड़ी, नहरस्वार, बेचड का बाग रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। इधर नाहन विधानसभा के क्षेत्र के अंतर्गत बनेठी, बांऊटा से भी यही सडक गुजरती है। अब दो विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के विधायक हैं तो तीसरी में भाजपा की विधायक है। बावजूद इसके यह सडक हिमाचल निमार्ता के निधन के बाद से लेकर आज तक पूरी तरह मुकम्मल नहीं हो पाई है। हालांकि शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप ने बनेठी से लेकर राजगढ़ नेरी पुल लोक निर्माण विभाग की इस सडक को एनएच में भी डलवाने के लिए प्रस्ताव भेजा था। मगर ट्रैफिक सर्वे में यह सडक एनएच से हट गई थी। ऐसे में यदि हिमाचल निमार्ता का हवाला देकर इस सडक का जीर्णोद्धार एनएच के रूप में करवाया जाता तो यह बड़ी उपलब्धि हो सकती थी। यही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले बड़ू साहिब की वजह से भी इस सडक को एनएच में डलवाया जा सकता था।

# सराज में कहर बनकर बरसी बरसात

**आफत**

**8 भदरू मोड में सुबह लगभग 4 बजे ल्हासा गिरने से सडक पर खड़ी दो गाडियां दफन हो गई**



**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/ सुभाग सचदेवा**
**सराज विधानसभा** क्षेत्र में गत रात्रि हुई भयंकर बरसात के चलते बरसात कहर बनकर बरसी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सराज विधानसभा क्षेत्र के बगस्याड के भदरू मोड में सुबह लगभग 4 बजे ल्हासा गिरने से सडक पर खड़ी दो गाडियां दफन होगी। वहीं पर सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली की ग्राम पंचायत तूंगाधार में बादल फटने जैसी स्थिति बनी है। रात लगभग 11:30 बजे भयंकर बारिश हुई और वहां नाला आने से एक पिकअप गाड़ी एक स्कॉर्पियो गाड़ी एक टाटा जेस्ट कार एक ट्रैक्टर बह गया। एक मकान जमींदोज हो गया एक दुकान जिसमें टेंट हाउस का सामान था वह भी बह गया। पीड़ित भरत राज ने बताया रात लगभग 11:30 अत्याधिक बारिश हुई और नाला आया इसमें घर के आंगन में खड़ी पिकअप गाड़ी जिसका नंबर एच पी 66 2428 छोटे भाई बबलु की एक स्कॉर्पियो नंबर एचपी 63 सी 4104 ससुर की टाटा जेस्ट कार एच पी 32ए 2788 बह गई। नाले का पानी उनकी दुकान और मकान में पानी घुस गया एक मकान जमींदोज हो गया जबकि एक मकान में रखा टेंट हाउस का सामान सारा बह गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के साथ राहत कार्य शुरू किया।

## दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की हुई मृत्यु

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ। जिला सिरमौर** के उपमंडल संगड़ाह में कल देर शाम रणफुआ जबलोग के समीप मानल दोची के मुकेश कुमार पुत्र कुंदियाराम की ढांक में गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मुकेश कुमार अपने घर मानल दोची जा रहा था कि बारिश से फिसलन भरे रास्ते में उसका पांव फिसल गया और वह ढांक में जा गिरा। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने देर रात को उसे संगड़ाह अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद डॉ.वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन रेफर कर दिया गया।

# नाहन-श्री रेणुकाजी मार्ग पर बस के ऊपर गिरा पेड़

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/ एसपी जैरथ**
**जिला सिरमौर** में गत दिवस एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बता दें कि नाहन-श्री रेणुका जी मार्ग पर नेहली धीड़ा के क्यारटू के नजदीक एचआरटीसी की बस के ऊपर चीड़ का पेड़ गिर गया। यह पेड़ बारिश की वजह से गिरा क्योंकि 2 दिन से हो रही बारिश से धरती में काफी नमी आ गई है, जिस कारण यह पेड़ गिर गया। हालांकि गनीमत यह रही कि हादसे में किसी तरह का कोई जानी नुक्सान नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक, हिमाचल पथ परिवहन



निगम की बस नाहन से ददाहू जा रही थी। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे टिप्पर की क्रॉसिंग हो रही थी। इसी दौरान टिप्पर पेड़ से टकराया। इसके बाद टिप्पर तो कुछ फीट आगे निकल गया, लेकिन पेड़ बस पर गिर गया। पेड़ विशाल न होने से किसी तरह की कोई क्षति नहीं हुई है। वहीं इस हादसे की वजह से बस में सवार सभी यात्रियों में बहुत दहशत फैल गई और परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

# अटल टनल सहित फोरलेन व एम्स केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि: गोविंद ठाकुर

## केंद्र सरकार के सहयोग से जल्द बनेगा कुल्लू मनाली वामतट मार्ग

**उपलब्धि**

**8 अटल टनल रोहतांग, किरतपुर मनाली फोरलेन व बिलासपुर में एम्स केंद्र की बड़ी उपलब्धि है**



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**केंद्र** में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद ठाकुर ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हिमाचल को केंद्र की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हिमाचल में अटल टनल रोहतांग, किरतपुर मनाली फोरलेन व बिलासपुर में एम्स केंद्र सरकार की बड़ी उपलब्धि है। अटल टनल बनने से न केवल चीन सीमा तक पहुंचना सुगम हुआ है बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिला है। फोर लेन से मनाली का सफर बहुत ही आरामदायक हो गया है तथा एम्स बनने से स्वास्थ्य सुविधाएं सुद्दढ हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से कुल्लू मनाली वामतट मार्ग जल्द डबल लेन बनेगा। इसके लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से मनाली में अनेकों विकास के कार्य हुए हैं।गोविन्द ठाकुर ने कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है। केंद्रीय योजनाओं का लाभ हिमाचल के लोगों को मिल रहा है। नरेंद्र मोदी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारतवासियों का सम्मान बढ़ा है। पिछले नौ वर्षो में केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है। गरीब कल्याण और गरीब सशक्तिकरण के लिए यह सरकार काम कर रही है। सबका साथ सबका विश्वास के साथ संपूर्ण देश का विकास हो रहा है। भारत की पहचान आत्मनिर्भर देश के रूप में होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि एक रुपया केंद्र सरकार भेजती थी तो लाभार्थी के पास 10 पैसे पहुंचते थे। वे मानते थे कि देश के विकास की राह में भ्रष्टाचार बड़ी रुकावट है लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से भ्रष्टाचार को लगाम लगी। जनधन खाता और तकनीक से अब पूरे पैसे लोगों तक पहुंच रहे हैं।वैक्सीन के लिए दूसरे देशों पर आश्रित रहने वाले भारत ने मोदी के संकल्प से कोरोना में दो वैक्सीन तैयार किए। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, नगर परिषद के उपाध्यक्ष मनोज कुमार मौजूद रहे।

# कृषि मंत्री ने जिला स्तरीय आषाढ़ नाग मेला में की शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**कृषि** एवं पशु पालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश देवी-देवताओं की धरती है। यहां पर आयोजित होने वाले मेले, त्यौहार और उत्सव हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। मेले हमारे जीवन में हर्ष, आनंद, उमंग, उल्लास, प्रेम, शांति, संतुष्टि तथा खुशियों का संचार करते हैं। इन मेलों से सामाजिक सहयोग, समरसता, सौहार्द तथा भाईचारा बढ़ता है। मेले सांस्कृतिक रूप से सभी को समृद्धि प्रदान करते हैं। कृषि मंत्री चंद्र कुमार शनिवार को डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के बनीखेत में चार दिवसीय आषाढ़ नाग मेला की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत



करते हुए बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व शिक्षा मंत्री आशा कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रही। कृषि मंत्री ने कहा कि मेले, त्यौहार व उत्सव हमारे समाज की पहचान है और इनके आयोजन से क्षेत्र के लोगों को एक दूसरे के साथ मिलने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि संस्कृति और सभ्यता को संजोए रखने के लिए मेलों की अहम भूमिका है। मेले व त्योहार हमारी पुरातन व समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं और रीति.-रिवाजों के परिचायक हैं। विविधता में एकता के प्रतीक मेले व उत्सवों के आयोजन से हमारी संस्कृति को सहेजने में बल मिलता है।

# मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने विभिन्न विभागों के साथ की समीक्षा बैठक



**समयबद्ध**

**8 मुख्यमंत्री द्वारा जिले के लिए करोड़ों रुपए की योजनाओं के शिलान्यास तथा लोकार्पण प्रस्तावित है**

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**मुख्य संसदीय** सचिव वन, ऊर्जा, पर्यटन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने गत दिवस विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षो के साथ विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षो को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुल्लू दौरे पर आएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा जिले के लिए करोड़ों रुपए की योजनाओं के शिलान्यास तथा लोकार्पण प्रस्तावित है। उन्होंने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निमार्णाधीन कार्य को शीघ्र पूरा करने को कहा ताकि इन्हें लोगों को समर्पित कर उन्हें लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्य के निर्माण में देरी के चलते जहां परियोजना की निर्माण लागत बढ़ती है वहीं क्षेत्रवासी भी समय पर इन योजनाओं से लाभान्वित होने से बंचित रहे जाते हैं।उन्होंने ने कहा कि भूतनाथ पुल का मरम्मत का कार्य प्रगति पर है तथा यह 20 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पुल के जीर्णोद्धार के साथ इसका सौन्दर्यकरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भूतनाथ पुल कुल्लू शहर को जोडने वाला मुख्य मार्ग है यहां पर एक भव्य प्रवेशद्वार का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने लोकनिर्माण विभाग को 20 जुलाई तक प्रवेशद्वार के निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।सीपीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने कुल्लू दौरे के दौरान जिले वासियों को करोड़ो रुपये के शिलान्यास व लोकार्पण की सौगात देंगे। जिससे जिले मे विकास को एक नई गति मिलेगी।

# 'इंदिरा ईज इंडिया, इंडिया ईज इंदिरा' यह स्लोगन देश पर चस्पा किया गया'

**आपातकाल**

**8 आधी रात्रि समय जब पूरा देश गहरी नींद में सो रहा था, इंदिरा ने देश में आपातकाल लगा दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भारतीय जनता** पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल ने कहा कि 25 जून, 1975 अर्थात आजादी के बाद के लोकतांत्रिक इतिहास में सबसे बड़ा काला अध्याय लेकर आया। देश में कांग्रेस पार्टी का शासन था, कांग्रेस पार्टी का एक छत्र राज था, इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थी। उच्च न्यायालय का फैंसला इंदिरा गांधी को अपने पद से उतारता था, परन्तु अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए एवं प्रधानमंत्री बने रहने के लिए उन्होनें लोकतंत्र की हत्या कर दी। आधी रात्रि समय जब पूरा देश गहरी नींद में सो रहा था, इंदिरा ने देश में आपातकाल लगा दिया। रातों-रात 50 हजार से अधिक छोटे-बड़े नेताओं को जेल की काल कोठरी के पीछे डाल दिया। अखबारों की, मीडिया की स्वतंत्रता छीन ली गई। सभी मीडिया हाऊसिज पर पहरा बिठा दिया गया और वही छपने लगा जो इंदिरा जी कहती थी और जिन्होनें विरोध किया उन्हें नेस्ते नाबूत कर दिया। आपातकाल के खिलाफ देशभर में आंदोलन शुरू हुए जिसका नेतृत्व



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ व अन्य संगठनों ने किया। सत्याग्रह करने वाले नेताओं/कार्यकर्ताओं पर बर्बरता की इंतहा हुई। उन पर झूठे मुकद्मे दर्ज हुए और अंग्रेजों द्वार किए गए अत्याचारों को पीछे छोड़ दिया गया। इंदिरा ईज इंडिया, इंडिया ईज इंदिरा यह स्लोगन देश पर चस्पा किया गया। डॉ बिन्दल ने कहा कि मुझे याद आता है वह समय जब मैं मैडिकल का छात्र था और अखबारों के उपर लगाई गई सेंसरशीप का विरोध मुखर होकर करना शुरू किया। जुनून इस कदर बढ़ा कि अपने कमरे में साईकलोस्टाईल मशीन रखकर एक पन्ने का हस्तलिखित अखबार छापना शुरू किया। प्रतिदिन प्रातः 4 बजे विश्वविद्यालय एवं शहर के प्रमुख स्थानों पर वह साइकलोस्टाईल पत्रक हम साइकलों पर जाकर डाल आते थे। दो महीने तक पुलिस ने बहुत तलाश कीए अंततोगत्वा हमारी चेन पुलिस के हत्थे चढ़ गई। पुलिस द्वारा थाने में 15 दिन लगातार जो यातनाएं दी गई उन्हें स्मरण कर आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं। तत्पश्चात हमारे उपर एक झूठा मुकद्मा दर्ज किया और डीआईआर डिफेंस इंडिया रूल के अंतर्गत करनाल जेल में डाल दिया गया। पंजाब, हरियाणा हाईकोर्ट से साढ़े चार महीने बाद राहत मिली। मेरे जैसे डेढ़ लाख लोग इस आपातकाल के शिकार हुए। डॉ बिन्दल ने कहा कि मेरे देश ने मुगलों की गुलामी के खिलाफ 600 साल संघर्ष किया। लाखों-लाखों लोगों ने बलिदान दिया। अंग्रेजों की गुलामी के खिलाफ 200 साल मेरे देश ने लड़ाई लड़ी। अंततोगत्वा त्याग, बलिदान की पराकाष्ठा के बाद 1947 में देश को आधी-अधूरी आजादी प्राप्त हुई। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने जल्दी सत्ता प्राप्त करने के लिए देश का विभाजन स्वीकार किया। देश ने लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर देश को चलाने का निर्णय किया। 800 साल के संघर्ष के बाद जो लोकतंत्र भारत में आया थाए उस लोकतंत्र को केवल 28 साल के बाद इंदिरा गांधी ने तानाशाही में तबदील कर दिया। उन्होनें कहा कि इस तानाशाही के खिलाफ देश ने दूसरी लड़ाई लड़ी। सभी राजनीतिक दल जनता पार्टी के बैनर तले एकत्र हुए और 19 महीने की तानाशाही को 1977 में समाप्त किया और पुनः लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की गई। डॉ बिन्दल ने कहा कि यदि देश ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए दूसरी लड़ाई न लड़ी होती तो भारत देश तानाशाह देश होता और विकास से कोसों दूर होता। सत्ता की लोलुप्ता का शायद सबसे बड़ा जीता जागता सबूत 1975 की 25 जून को लगाई गई एमरजेंसी है।

# राज्यपाल ने प्रदेश पुलिस हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**राज्यपाल शिव** प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य पर हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा आयोजित 10वीं एचपी पुलिस हाफ मैराथन-2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा आयोजित 10वीं हाफ मैराथन के माध्यम से नशे की बुराई के विरूद्ध समाज के प्रत्येक वर्ग ने



भारी बारिश के बावजूद जिस उत्साह का प्रदर्शन किया। वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नशे की बुराई का संदेश लेकर इस दौड़ में बच्चों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग लोगों ने भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि ध्रन फॉर ड्रग फ्री, सेफ एंड ग्रीन हिमाचल के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने में पुलिस विभाग का यह प्रयास निश्चित रूप से कारगर साबित होगा।

# रैली ऑफ हिमालयाज का 5 से 8 अक्टूबर तक होगा आयोजन: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/ श्याम कुल्वी**

**जनजातीय जिला** लाहौल स्पीति में जिला प्रशासन व फेडरेशन ऑफ दी मोटर स्पोर्ट्स क्लब ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से रैली ऑफ हिमालयाज के तीसरे संस्करण का लाहौल स्पीति में 05 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2023 तक आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने इस बात की जानकारी देते हुए बताय कि रैली ऑफ हिमालयाज के इस रैली के आयोजन से जिला के पर्यटन व्यवसाय को और



अधिक प्रोत्साहन मिलेगा और विश्व के पर्यटन मानचित्र पर अनछु पर्यटन स्थलों को भी उजागर करने में रैली ऑफ हिमालयाज का संयुक्त आयोजन एक मील का पत्थर साबित होगी। राहुल कुमार ने बताया कि ग्रेट हिमालय के गोद में बसे जिला लाहौल स्पीति के इन खूबसूरत पहाड़ों में अपार नैसर्गिक सौंदर्य का दीदार करने के लिए देश विदेश के एक्सट्रीम मोटर स्पोर्ट्स के रैली रेसर भी उत्सुक है।

# परोल की सूखी धरती पर एचपी शिवा परियोजना से लहलहाने लगा बागीचा

**उपलब्ध**

**8 जाली एवं सोलर बाड़बंदी लगाने अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं भी विभाग ने ही निशुल्क उपलब्ध करवाई**



**टीम एक्शन इंडिया/ हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

**जिला हमीरपुर** जैसे कम ऊंचाई वाले और पानी की कमी वाले क्षेत्र में भी बागवानी की अच्छी संभावनाएं हैं। कभी बागवानी के लिए अनुपयुक्त माने जाने वाले इस क्षेत्र में अब हिमाचल प्रदेश सरकार ने एचपी शिवा परियोजना के माध्यम से बागवानी को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल की है। जिला में इस परियोजना के तहत चिह्नित एवं विकसित किए गए क्षेत्रों में शुरूआती दौर में ही बहुत ही उत्साहजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। इसकी एक शानदार झलक देखने को मिल रही है भोरंज उपमंडल के गांव परोल में। ग्राम पंचायत कैहरवीं के गांव परोल के किसान जिला हमीरपुर के अन्य गांवों के किसानों की तरह ही गेहूं और मक्की जैसी परंपरागत फसलों की खेती कर रहे थे और सिंचाई के साधन उपलब्ध न होने के कारण वे पूरी तरह मौसम पर ही निर्भर थे। पारंपरिक फसलों से आमदनी भी नाममात्र ही हो रही थी। खेती को घाटे का व्यवसाय मानकर कई किसान इससे तौबा करने लगे थे और गांव की जमीन बंजर होने लगी थी। लगभग 60 किसानों की करीब 8 हैक्टेयर भूमि पर लगाए गए हैं मौसंबी के 9000 से अधिक पौधे ऐसी परिस्थितियों के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार की एचपी शिवा परियोजना गांव परोल के किसानों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने गांववासियों को एचपी शिवा परियोजना के तहत मौसंबी के बागीचे लगाने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। परियोजना के तहत विभाग ने लगभग 60 किसानों की करीब 8 हैक्टेयर भूमि को पौधारोपण के लिए तैयार किया। पौधों के लिए गड्ढे बनाने, जाली एवं सोलर बाड़बंदी लगाने, सिंचाई के लिए पानी, बागीचे के लिए मल्चिंग शीट्स और अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं भी विभाग ने ही निशुल्क उपलब्ध करवाई। इसके बाद विभाग ने ही मौसंबी के नौ हजार से अधिक पौधे रोपित करवाए। देखते ही देखते गांव की इस सूखी जमीन पर मौसंबी के पौधे लहलहाने लगे। अपनी आंखों के सामने ही मौसंबी के पौधों को लगातार बड़ा होते हुए और हरे-भरे बागीचे को देखकर गांव परोल के किसान बहुत ही गदगद हैं। गांव के प्रगतिशील किसान जीवन सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी लगभग 18 कनाल भूमि पर पौधारोपण करवाया है। पौधों के रोपण और इनकी देख.रेख के लिए उन्हें उद्यान विभाग की ओर से भरपूर सहयोग एवं मार्गदर्शन मिल रहा है। इसी प्रकार निशा ठाकुर ने बताया कि उनकी भी करीब 18 कनाल भूमि पर मौसंबी के पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार पीढियों से गेहूं और मक्की की खेती कर रहा था और पिछले कुछ वर्षों से जलवायु परिवर्तन एवं अन्य

# कृषि मंत्री ने डलहौजी में आलू गुणन फार्म का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**कृषि एवं पशुपालन** मंत्री चंद्र कुमार ने रविवार को डलहौजी के समीप कृषि विभाग के आलू गुणन फार्म का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री ने अधिकारियों को फार्म के चारों और बाड़ लगाने के निर्देश दिए ताकि फसलों को जंगली जानवरों के नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि पोषक अनाज की खेती, जंगली गेंदे की खेती या फलदार पौधे लगाने की संभावनाएं तलाशें ताकि इस फार्म का अधिक से अधिक लाभ लिया जा सके।

# भूस्खलन से 4 घंटे बाधित रहा मंडी पठानकोट सड़क मार्ग

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल प्रदेश** के मंडी जिला में बरसात ने शुरूआत में ही अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। शनिवार रात भर जारी मूसलाधार बारिश से मंडी-पठानकोट एनएच में घटासनी के पास स्वाड़ नाला में मलबा आने से यातायात 4 घंटे अवरुद्ध रहा। रात साढ़े तीन बजे से बंद मार्ग में प्रातः करीब साढ़े सात बजे यातायात आवाजाही बहाल हो पाई। एनएच के दोनों छोर पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।



जिससे एनएच में सफर कर रहे यात्रियों को परेशान होना पड़ा। कटिंडी-कमांद-बजौरा वैकल्पिक मार्ग भी शालगी के पास फिर पहाड़ी से भूस्खलन होने से यातायात के लिए अवरुद्ध हो गया है। यहां लोक निर्माण विभाग ने जेसीबी मशीन तैनात रखी है।

# शिमला में प्री मॉनसून का कहर, दो परिवार हुए बेघर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**राजधानी** शिमला में हुई पहली बारिश ने ही नगर निगम द्वारा किए कामों को आइना दिखा दिया है। शहर में घरों, गाडियों, सडकों, पर हर जगह बारिश ने तबाही मचाई। कृष्णानगर वार्ड में जहां दो मकान ढह गए, वहीं कुसुंपटी और छोटा शिमला वार्ड में डंगे गिरे, रामबाजार में सडक पर मलबा गिरने से रोड ब्लॉक, फल मंडी ढली में मलबा आया, लोकल बस स्टैंड में मलबा आने से 3 दुकानें इसकी चपेट में आईएस्टॉल लगाकर सामान बेचने वाले का स्टॉल पानी में बह गया। संजौली की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में

**तबाही**

**8 शहर में है संपति के नुकसान के लिए जनता का एमसी प्रशासन पर जमकर गुस्सा फूट रहा**

मलबे ने रास्ता ब्लॉक कर दिया, भट्टाकुफर वार्ड में आधी रात को मलबा घरों में घुस गया, कई वार्डों में रोड साइड खड़ी गाडियों पर पेड़ और पत्थर गिरे जिससे वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए। मानसून से पहले हुई भारी बारिश ने शिमला में बाढ़ जैसे हालत पैदा कर दिए हैं। नतीजा आधी रात को लोग घरों से बाहर निकलकर जान बचाने को मजबूर हुए।

**इस तबाही के लिए नगर निगम जिम्मेदार:** शहर में है संपति के नुकसान के लिए जनता का एमसी प्रशासन पर जमकर गुस्सा फूट रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते कई महीनों से बार. बार नालों को साफ करने की मांग की जा रही थीए लेकिन नगर निगम आराम से सोता रहा। एक हफ्ते पहले नालों की सफाई का काम शुरू किया जो मई से होना चाहिए था। नई एमसी बनने पर सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का दावा किया जा रहा था। पहली बारिश ने साफ दिखा दिया कि काम सिर्फ कागजों में शत प्रतिशत हो रहा है। प्री मानसून पर निगम प्रशासन के अधिकारियों की नींद खुली और आनन-फानन में सफाई करने जुटे। हर साल यही परेशानी देखने को मिलती है जिसका नगर निगम को स्थाई इंतजाम करना चाहिए।

**निगम को अब खल रही लेबर स्टाफ की कमी:**
भारी नुकसान के बाद निगम प्रशासन यह तर्क दे रहा है कि उनके पास लेबर स्टाफ की कमी है। जब मालूम है की जुलाई में बरसात आना तय है तो एकस्ट्रा लेबर क्यों नहीं हायर की गई।

**पार्षद बोलें, लापरवाह निगम पर हो कार्रवाई:**
भट्टाकुफर वार्ड के पार्षद नरेंद्र ठाकुर का कहना है कि घर में मलबा घुसने पर आधी रात को बच्चों को घरों से बाहर निकाला गया। नगर निगम को काफी पहले से इस जगह सीढियां लगाने की मांग की गई थी ताकि घरों को कोई क्षति न हो। निगम अधिकारी आश्वासन देकर काम करना भूल गए। नाभा वार्ड की पार्षद सिम्मी नंदा का कहना है कि मलबा गिरने से रोड ब्लॉक हो गया जिसे जेसीबी द्वारा क्लियर किया जा रहा है। 2022 से वार्ड में नाले बनाने के लिए फाइल तैयार की गई है जिसे बजट की कमी बताकर नजर अंदाज किया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि पूरा रोड ही मलबे से भर गया।

# राज्यपाल ब्रिस्क वॉक को दिखाएंगे झंडी

**महाअभियान**

**गायक कंवर ग्रेवाल व मास्टर सलीम भी नशे के खिलाफ जगाएंगे अलख, महाअभियान की शुरूआत होने जा रही**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**प्रदेश** में नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने के लिए 27 जून को ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र से महाअभियान की शुरूआत होने जा रही है। इस महाअभियान के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए हरोली से कांगड़ तक लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी वॉक



फोर लाइफ-नशे के विरुद्ध एक पहल के तहत ब्रिस्क वॉक का आयोजन किया जा रहा है। इस ब्रिस्क वॉक को प्रातः आठ बजे हरोली से प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला, उप मुख्य मंत्री मुकेश अग्निहोत्री की गरिमामयी उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश की कार्यकारी पुलिस महानिदेशक सतवंत अटवाल त्रिवेदी भी विशेष तौर पर मौजूद रहेंगी। इस महाअभियान के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन सहित संबंधित विभागों ने कमर कस ली है। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी इस ब्रिस्क वॉक में हजारों लोग शामिल होंगे। जिनमें समाज के विभिन्न वर्गों की सामूहिक भागीदारी के साथ-साथ, महिला एवं युवक मंडल, स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, शहरी निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के हजारों विद्यार्थी नशे के विरुद्ध प्रदेश के इस महाअभियान का हिस्सा बनेंगे। लगभग साढ़े तीन किलोमीटर लंबी इस ब्रिस्क वॉक के दौरान शामिल लोगों की सुविधा के लिए जहां जगह-जगह पेयजल की समुचित व्यवस्था की जा रही है, तो वहीं किसी भी आपातकालीन चिकित्सा सुविधा के लिए अस्थाई मेडिकल पोस्ट भी स्थापित की जा रही हैं। इसके अलावा हरोली से कांगड तक सडक.की भी साफ सफाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने भी इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद बनाए रखने के लिए तैयारियां कर ली हैं तथा ब्रिस्क वॉक के दौरान जगह-जगह पर्याप्त सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहेंगे। नशे के विरुद्ध इस महाअभियान में प्रदेश के विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दलों के अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से नशे के खिलाफ जन जागरूकता का संदेश भी देंगे।

**गायक कंवर ग्रेवाल व मास्टर सलीम भी नशे के खिलाफ जगाएंगे अलख**

नशे के विरूद्ध प्रदेश के इस महाअभियान में जाने माने पंजाबी गायक कंवर ग्रेवाल तथा वॉलीवुड गायक मास्टर सलीम भी कांगड़ के मैदान में गीत संगीत के माध्यम से अलख जगाएंगे। इसके लिए पंडाल को तैयार किया जा रहा है, जहां पर एक साथ हजारों लोग बैठकर इस महा अभियान का हिस्सा बन जन जागरूकता की इस अनूठी पहल से जुड़ेंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न सांस्कृतिक दलों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा भी नशे के खिलाफ समाज को जागरूक करने का संदेश दिया जाएगा। इस दृष्टि से कांगड मैदान को भी तैयार किया जा रहा है।

**नशे के विरूद्ध निर्णायक लड़ाई लडने में अहम कड़ी साबित होगा महाअभियान**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का कहना है कि प्रदेश में नशे के खिलाफ विशेषकर सिंथेटिक ड्रग्स के विरूद्ध यह महाअभियान न केवल प्रदेश स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी निर्णायक लड़ाई लडने में अहम कड़ी साबित होगा।

## कार्यक्रम में करीब 130 जन समस्याएं आई



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**कुटलैहड़** विस क्षेत्र के ग्राम पंचायत झंबर व कुरियाला में रविवार को प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम हुआ। इसमें कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक देवेंद्र भुटटो ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में एसडीएम, लोनिवि, विद्युत विभाग, जल शक्ति विभाग, खंड विकास अधिकारी के अलावा अन्य मौजूद रहे। इस दौरान करीब एक दर्जन लोगों के साथ झंबर पंचायत के उपप्रधान, वार्ड सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में करीब 130 जन समस्याओं आई। जिनका विधायक भुटटो ने मौके पर समाधान किया। भुटटो ने कहा कि चुनावो में हमने जो वादा किया है, उसे हर हाल में पूरा भी कर रहे है। भुटटो ने जोगीपगां से झंबर सडक के लिए 16 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की।

## कांग्रेस ने देश में आपातकाल लागू कर की तथा लोकतंत्र की हत्या: जैन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**भाजपा** के लोकप्रिय नेता व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के बाद महाजनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है जो 30 मई से शुरू होकर 30 जून तक चलेगा। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अनिल जैन ने घुमारवीं में पत्रकारवार्ता में कही। उन्होंने कहा इस महा जनसंपर्क अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्र में भिन्न-भिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें मुख्य रूप से प्रबुद्ध नागरिकों का सम्मेलन लाभान्वित लोगों का सम्मेलन व्यापारियों का सम्मेलन तथा अन्य कई प्रकार के



कार्यक्रम जिसके तहत घर घर जाकर केंद्र सरकार के द्वारा 9 वर्षों में किए गए जनहितैषी कार्यों बारे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा की आज के दिन को लोकतंत्र के काले दिवस के नाम से जाना जाता है इस दिन भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने एमरजेंसी लगवाकर लोकतंत्र पर बहुत बड़ा कुठाराघात किया था। उन्होंने कहा की वर्तमान में विपक्ष के बड़े-बड़े नेता देश विदेश में जाकर अपने देश के प्रधानमंत्री व अपने देश का अपमान कर रहे हैं।

## नशे के विरूद्ध लड़ाई के लिए समर्पित विशेष कार्य बल का होगा गठन

**एकजुट**

**सभी के सामूहिक प्रयासों से शीघ्र ही हिमाचल देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक बनकर उभरेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री ठाकुर** सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस गेयटी थिएटर शिमला में नशे के विरूद्ध पुलिस विभाग के प्रधाव अभियान के अन्तर्गत आयोजित विभिन्न स्पधाओं के विजेताओं के पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर मुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को नशे के विरूद्ध एकजुट प्रयासों की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने राज्य के



सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों से संबंधित मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस समस्या से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए एक समर्पित विशेष कार्य बल बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने नशीले पदार्थों के तस्करों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया और युवाओं को नशे के चंगुल से छुड़ाने के लिए जागरूकता अभियान बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नारकोटिक्स एक्ट को और कड़ा बनाने संबंधी मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया है, ताकि ड्रग तस्करों की संपत्ति जब्त कर उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन से प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास में सहायता के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य में दो अत्याधुनिक नशा मुक्ति सह पुनर्वास केंद्र स्थापित करने की योजना बनाई है। प्रत्येक केंद्र की स्थापना के लिए 50 बीघा भूमि चिन्हित की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अपने नागरिकों का कल्याण और समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार नशीले पदार्थों की चुनौती से निपटने के लिए प्रयासरत है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण पर बल देते हुए कहा कि सरकार कानून-व्यवस्था स्थापित करने के लिए पुलिस बल की क्षमता बढ़ाने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने पुलिस विभाग को और कार्यकुशल बनाने के लिए कृत्रिम मेधा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने हाल ही में चार नए पुलिस स्टेशन स्वीकृत किए हैं, जिनमें से तीन कीरतपुर-मनाली फोरलेन राजमार्ग पर और एक कांगड़ा जिले के बीड़ में स्थापित होगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य की विकट वित्तीय स्थिति के बावजूद, सरकार नागरिकों को जन कल्याण पर केंद्रित प्रशासन प्रदान करने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, ताकि वे सुगम सरकारी सुविधाओं से लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकार ने इस बार के बजट में कई हरित पहल की हैं, जिसके परिणाम शीघ्र ही दृष्टिगोचर होंगे। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से शीघ्र ही हिमाचल देश के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक बनकर उभरेगा।

## बट्ट खुर्द व अजौली में सट्टा लगाते दो काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। जिला** ऊना के बट्ट खुर्द व अजौली में सट्टा लगाते पुलिस ने दो व्यक्तियों को काबू किया है। जिससे पुलिस ने 8170 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हरोली पुलिस की टीम शनिवार रात्रि बट्ट खुर्द में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने सतनाम निवासी बट्ट खुर्द को सट्टा व 1150 रुयये की नगदी बरामद की गई। वहीं दूसरा मामला अजौली का है, जहां पर राकेश कुमार निवासी नंगल से पर्ची दडड़ा सटटा व 7020 रुपये की नगदी बरामद की गई।

## ठियोग निवासी दो लोगों को नाहन पुलिस ने पकड़ा 19.36 ग्राम चिट्टा के साथ

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**जिला सिरमौर** के राजगढ व पांवटा ब्लॉकों में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए ठियोग निवासी दो लोगों को 19.36 ग्राम चिटटा के साथ पकड़ा। पुलिस ने इसी कड़ी में पांवटा में एक जुए का धंधा करने वाले से दड़ा सट्टा की पर्चियों समेत 4080 रूपए करंसी बरामद की है। जिले के एसपी रमन मीणा ने बताया कि यशवन्तनगर पुलिस चौकी की टीम ने यातायातचैकिंग के दौरान गिरी नदी पुल के पास सोलन की तरफ से आ रही एक मारुति 800 कार न.एचपी 09-6450 में सवार दो व्यक्तियों, विवेक चौहान कार चालक निवासी, गांव धनोट, डाकघर बागडी, तहसील ठियोग, जिला शिमला तथा एक अन्य व्यक्ति सुनील निवासी



गांव टिकरी, धमादंरी, डाकघर धमादंरी तहसील ठियोग, जिला शिमला के कब्जे से 19.36 ग्राम चिटटा हैरोईन बरामद है। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरुद्ध पुलिस थाना राजगढ़ में नारकोटिक्स ड्रग्स, साइकोट्रोपिक सब्सटेंस अधिनियम तहत मामला पंजीकृत किया गया है। एसपी ने बताया कि अदालत ने मामले में संलिप्त आरोपियों को 4 दिन के पुलिस रिमांड में रखने के आदेश दिए है। मीणा ने बताया के एक अन्य मामले में पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति मोहम्मद शहनवाज निवासी खाला पार किदवई नगर मुज्जफ र नगर, उत्तर प्रदेश को विश्वकर्मा चौक के पास स्थित उसकी चाय की दुकान के बाहर खड़ा होकर आने जाने वालो लोगो को एक रुपये के बदले अस्सी रुपये देने का लालच देकर सरेआम दडा सट्टा लगवाते हुए धर दबोचा। एसपी ने बताया कि आरोपी मोहम्मद शहनवाज के कब्जे से एक पेनए दड़ा सट्टा की पर्चियों सहित 4080 रूपए की करंसी बरामद की हैं।

## शिवा इंटरनेशनल स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर शुरू

**जागरूक किया**

**आज के वर्तमान समय में साइबर क्राइम व सडक सुरक्षा से सम्बंधित विस्तार से जानकारी दी**

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**रविवार** को शिवा इंटरनेशनल स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिन का शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस शिविर के शुभारम्भ के मौके पर पुलिस विभाग घुमारवीं में कार्यरत आईपीएस अधिकारी एसएचओ अदिति सिंह के बतौर मुख्यातिथि




शिरकत की। इस उपलक्ष्य पर स्कूल प्रबंधक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा, डॉ.शिल्पा गोयल प्रिंसिपल शिवा इंटरनेशनल स्कूल, शिवा एजुकेशन सोसाइटी के सचिव मधु शर्मा व कार्यक्रम अधिकारी शशि भूषण, खेमा शर्मा व अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। आईपीएस अधिकारी एसएचओ अदिति सिंह ने बच्चों को आज के वर्तमान समय में साइबर क्राइम व सडक सुरक्षा से सम्बंधित विस्तार से जानकारी दी तथा साइबर क्राइम से होने वाली घटनाओं के बारे में अवगत कराया।

उसके बाद बच्चों ने सफाई अभियान में बढ़-चढ़ कर भाग लिया व रास्तों की सफाई की। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ.शिल्पा गोएल ने बताया कि कैंप के दौरान बच्चों को विभिन्न विभागों मे कार्यरत अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभाग से सबंधित जानकारी बच्चों को दी जाएगी कि विभागों में कैसे काम होता है। स्कूल प्रबंधक इंजीनियर पुरुषोत्तम शर्मा व डॉ.शिल्पा गोयल ने भी बच्चो को जीवन में सेवा के मूलभावों से अवगत कराते हुए इस शिविर में अपना भरपूर योगदान देने का आह्वाहन किया।

## 'पीएम मोदी के नेतृत्व में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है देश'



**टीम एक्शन इंडिया/ घुमारवीं/ नीरज शर्मा**

**मोदी सरकार** के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 साल होने के उपलक्ष्य पर भाजपा ने रविवार को घुमारवीं में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का प्रबुद्ध जन सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव अनिल जैन ने बतौर मुख्य वक्ता भाग लिया। डा अनिल जैन ने कहा कि विश्व में जो सम्मान आज भारत का है वह इससे पहले कभी नहीं देखा गया है। वैश्विक स्तर पर भारत का दुनिया भर में सम्मान बढ़ा है। आज देश के प्रधानमंत्री मोदी विश्व के अन्य प्रतिनिधियों के साथ प्रथम पंक्ति में होते हैं। यह भारत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे हैं कि दुनिया भर में शांति के लिए अन्य देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर देखते हैं। डा जैन ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में महा जनसंपर्क अभियान के साथ समर्थन कार्यक्रम शुरू किया गया है जो कि 30 जून तक चलेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान भाजपा का वरिष्ठ नेतृत्व लोगों के घरों तक पहुंचकर और मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों से उन्हें अवगत करवा रहा है। सरकार के 9 वर्ष पूरे होने वाला यह ऐतिहासिक पल है। नरेंद्र मोदी ने 2014 में भाजपा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री पद की कमान संभाली थी। इन 9 वर्षों में, भारतीय राजनीति और देश के विकास में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। मोदी सरकार के दौरान कई पहल की गईं, जिनमें से जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत योजना, नई शिक्षा नीति आदि अनेक प्रमुख योजनाएं शामिल है। इनके अलावा नोटबंदी, जीएसटी, आर्थिक सुधारों की पहलों, घर-घर तक बिजली पहुंचाना आदि कई अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया है। डा जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

## डॉ.शांडिल ने किया द्वितीय सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारम्भ

**सम्मान**

**मास्टर्स गेम्स में हिमाचल को स्वर्ण पदक दिलाने वाली हॉकी टीम की कप्तान और कोच को सम्मानित भी किया**

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ.कर्नल धनीराम शांडिल ने गत सांय राज्य स्तरीय माँ शूलिनी मेला



की द्वितीय सांस्कृतिक संध्या का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ.शांडिल ने इस अवसर पर माँ शूलिनी की सांस्कृतिक संध्या के प्रयोजकों और मास्टर्स गेम्स में हिमाचल को स्वर्ण पदक दिलाने वाली हॉकी टीम की कप्तान और कोच को सम्मानित भी किया। उन्होंने मेसर्ज शिवालिक बाई मेटल की मुखिया एच आरए भूषण ज्वैलर्स के कुलभूषण गुप्ता, विनय गुप्ता और राजीव गुप्ता को सांस्कृतिक संध्या प्रायोजित करने के लिए सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने मास्टर्स गेम्स में हॉकी में हिमाचल की स्वर्ण पदक विजेता टीम की कोच अनिता कुमारी और कप्तान शीला कौशल को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर द्वितीय सांस्कृतिक संध्या के विशिष्ट अतिथि कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेला की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने पूरे पंडाल के साथ मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। दूसरी सांस्कृतिक रात्रि में जिला सिरमौर, जिला कुल्लू के सांस्कृतिक दलों के साथ साथ कुमार साहिल, सुमन सोनी, सोलन की रिया श्रेया जग्गी और मेधा-शिवानी ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। डॉ.शांडिल ने इससे पूर्व गंज बाजार स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में शीश नवाया और सभी के खुशहाल जीवन की कामना की। माँ शूलिनी मेला के अवसर पर सोलन की अधिष्ठात्री देवी माँ शूलिनी भव्य शोभा यात्रा के साथ तीन दिनों के लिए गंज बाजार स्थित इसी प्राचीन पीठ की ओर प्रस्थान करती हैं और इस मंदिर में ही अपनी बहन के पास निवास करती हैं। जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष शिव कुमार, नगर निगम सोलन की महापौर पूनम ग्रोवर, उपमहापौर राजीव कौड़ा, पार्षदगण, जोगिंद्रा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, प्रदेश कांग्रेस समिति के महासचिव सुरेंद्र सेठी, नगर परिषद सोलन के पूर्व अध्यक्ष कुल राकेश पंत, खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष संजीव ठाकुर, अजय कंवर, शहरी एवं विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य अतिथि तथा बड़ी संख्या में दर्शक इस अवसर पर उपस्थित थे।

## महिला से अश्लील हरकतें, पति को पीटा

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। सदर थाना** ऊना के तहत एक गांव की महिला के साथ अश्लील हकरतें करने व उसके पति को पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि गत शाम को अपने पति के साथ घर जा रही थी, तो रोहित शर्मा निवासी अप्पर बसाल व अन्य दो व्यक्तियों ने बिना वजह के इसके व इसके पति के साथ मारपीट की। इतना ही नही मेरे साथ अश्लील हरकतें व बतमीजी भी की।

## अमन त्रिवेदी डांस ग्रुप के कलाकारों की झांकियों ने किया आकर्षित

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर** के रौड़ा सेक्टर में स्थित बास्केटबॉल मैदान में शनिवार को 13वें विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया। हिम युवा विकास समिति के तत्वावधान में आयोजित इस जागरण में हिमाचल के प्रसिद्ध गायक काकूराम ठाकुर, गायिका प्रिया कटोच और बिलासपुर के उभरते गायक महेश बंसल ने महामाई का गुणगान कर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डूबोने का पूरा प्रयास किया। इससे पूर्व मां भगवती



जागरण में मां ज्वाला जीए मां नयना देवी जीए मां चिंतपूर्णी जी, मां बड़ोल देवी जी तथा मां हाटेश्वरी जी की पावन अखंड ज्योतियां लाई गई थी। जिनके दर्शनों के लिए भक्तों को खूब भीड़ उमड़ी। मां का भव्य दरबार और अमन त्रिवेदी ग्रुप के कलाकारों द्वारा निकाली गई मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। वहींए गायक कलाकारों ने एक से बढकर एक भजन और भेंटें प्रस्तुत कर पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं को खूब झुमाया।

## बिलासपुर के लुहणू क्रिकेट मैदान में चुनी गई बिलासपुर की अंडर-23 टीम

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**हिमाचल** प्रदेश क्रिकेट संघ के तत्वाधान में क्रिकेट संघ बिलासपुर के क्रिकेट मैदान में आज रविवार को अंडर 23 क्रिकेट टीम के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। क्रिकेट संघ बिलासपुर के सचिव व बीसीसीआई सदस्य विशाल जगोता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4 से 10 जुलाई तक आयोजित होने वाली अंडर-23 क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम भी भाग लेंगी। जिसके लिए बिलासपुर की क्रिकेट टीम के लिए चयन प्रक्रिया में 35 खिलाडियों ने भाग लिया।

जिसमें 20 खिलाडियों का चयन प्रशिक्षण शिविर के लिए किया गया।

H. P. P.W.D. Corrigendum

The Tenders for the various works invited vide this office letter No. PWD/DHR/CB/Tender/2023-2206/12 Dated 20.06.2023 due to be opened 05.07.2023 are hereby cancelled due to administrative reasons.

Executive Engineer
HPPWD Division Dehra
Distt Kangra H.P
HIM LOK SAMPARK

on behalf of Governor of Himachal Pradesh

R.N. NO-1329/2023-2024

## संपादकीय

# अब दोहरे मोर्चे पर उलझे पुतिन

**रूस** में सैन्य विद्रोह हो गया। यह तथ्य अर्द्धसत्य हो सकता है। इसलिए कि विद्रोही 'वैगनर' लड़ाके रूस के पूर्णरूपेण सैनिक नहीं हैं। 'वैगनर' प्राइवेट आर्मी है। खास बात यह कि यूक्रेन युद्ध में यह रूस की ओर से मोर्चे पर थी। इसका चीफ येवगेनी प्रिगोझिन है। वह राष्ट्रपति पुतिन का नजदीकी रहा है। उसे उनका रसोइया भी कहा जाता है। रसोइया ही अब जान का दुश्मन बन गया। उसे नाटकीय ढंग से मनाया गया। 'वैगनर' ने विद्रोह किया। लड़ाके राजधानी मास्को की ओर बढ़े। ...और कुछ नजदीक तक पहुंचते कि उससे पहले ही उनके प्रमुख ने वापस लौटने का फरमान सुना दिया। यह कुल 36 घंटों से भी कम समय में हुआ। इस अवधि में दुनियाभर की निगाहें रूस पर टिक गईं कि राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का अब क्या होगा। यह सवाल तो आगे भी कायम रहने की उम्मीद है कि पुतिन का क्या होगा। अभी हाल में रूसी संविधान में हुए बदलाव के मुताबिक वे आजीवन राष्ट्रपति बने रह सकते हैं, पर यह तो सामान्य व्यवस्था है। जो कुछ हुआ है, वह सामान्य नहीं है। शुक्रवार रात और शनिवार देरशाम तक इस विद्रोह को तख्तापलट की कोशिश बताया गया। रूस में तख्तापलट नहीं हो सकता, ऐसा मानने वाले बहुत हैं। ऐसे लोगों को याद करना होगा कि विद्रोह के तौर पर तख्तापलट भले न हो, किंतु 1989 में जब सोवियत संघ कमजोर पड़ रहा था, ब्रेझनेव के खिलाफ भी विद्रोह हुआ था। तत्कालीन सोवियत संघ के 15 गणराज्य अपनी आजादी मांग रहे थे। मिखाइल गोवार्चेव डाचा में छुट्टियां मना रहे थे और इधर मास्को की सड़कों पर टैंक दौड़ने लगे थे। बोरिस येलत्सिन निर्वाचित राष्ट्रपति थे। उन्होंने नाटकीय तरीके से एक टैंक पर खड़े होकर शांति की अपील की थी। एक दिन बाद ब्रेझनेव राजधानी लौटे थे। इस घटना के बाद ब्रेझनेव का अवसान और येलत्सिन का उदय इतिहास की कड़ी है। तब धीरे-धीरे सोवियत संघ बिखरने लगा था। कुछ ही समय बाद 1993 में येलत्सिन को भी विद्रोह झेलना पड़ा। धुर वामपंथियों और कथित राष्ट्रवादियों के बीच विवाद संघर्ष की नौबत तक पहुंच गया। तब 21 सितंबर को उपराष्ट्रपति अलेक्जेंटर रित्सकोव को सत्ता सौंपने की मांग की गई थी। मेयर ऑफिस और टेलीविजन केंद्र पर विद्रोहियों का कब्जा हो चुका था। येलत्सिन के आदेश पर संसद के बाहर टैंकों ने गोले बरसाये थे। आधिकारिक तौर पर 148 और गैर अधिकृत सूत्र मारे गये लोगों की संख्या एक हजार से भी अधिक बताते हैं। सोवियत संघ के बिखराव की कहानी अब पुरानी हो चुकी है। ताजा विद्रोह के बाद इस तरह की कहानियों ने नया रूप ले लिया है। सोवियत संघ के बिखराव के बाद सर्वाधिक शक्तिशाली रूस भी एक बार लाचार दिखने लगा है। यह विद्रोह ऐसे समय हुआ है, जब रूस 16 महीने से भी अधिक समय से यूक्रेन से जूझ रहा है। इस संघर्ष में प्राइवेट आर्मी के तौर पर 'वैगनर' के मुखिया येवगेनी प्रिगोझिन ने रूस और उसके राष्ट्रपति पुतिन का साथ दिया। यूक्रेन के बखमुत शहर सहित कई प्रमुख ठिकानों पर कब्जे में प्रिगोझिन ने अहम भूमिका निभाई। फिर प्रश्न है कि पुतिन के 'करीबी' प्रिगोझिन ने विद्रोह की सीमा तक जाकर यहां तक क्यों कह दिया कि अब रूस को नया राष्ट्रपति मिलने जा रहा है।

# दूर की कौड़ी, विपक्षी की एकता

प्रेम शर्मा

> "अब जनाधार की बात की जाए तो अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने चुनौती पेश करने के लिए विपक्षी दल भले ही एकजुट होने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन पुराने आंकड़े उन्हें परेशान करेंगे। 14 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को पिछले लोकसभा चुनाव में 50 फीसद या उससे अधिक वोट मिले थे इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा की 330 सीटें हैं, जिनमें भाजपा और सहयोगी दल 298 सीटें जीतने में सफल रही थी और अकेले भाजपा ने 255 सीटें जीती थीं। ध्यान देने की बात है कि 543 सीटों वाले लोकसभा में बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है"

**विपक्षी** दल एक बार फिर सक्रिय हुए है। पटना में विपक्षी दलों की बैठक में कोई बड़ी फैसला नही हो पाया। लेकिन इससे पूर्व बैठक को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती का तंज, अध्यादेश को लेकर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच मतभेद, बीआरएस के चन्द्रशेखर राव का कांग्रेस नेतृत्व न स्वीकार करने जैसे तमाम पेंच अभी से विपक्षी एकता के लिए फॉस बने हुए है। पटना में भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने का दम भर रहे विपक्षी दलों की पटना में जो बैठक हुई, वह किसी ठोस नतीजे पर पहुंचती नहीं दिखी। इस बैठक में इतना ही तय हुआ कि सभी दल मिलकर आम चुनाव लड़ेंगे, लेकिन आम आदमी पार्टी जिस तरह साझा प्रेस कांफ्रेंस से दूर रही, उससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ तो यही कि विपक्षी एकता की राह आसान नहीं। आम आदमी पार्टी की ओर से यह भी कह दिया गया कि आगे विपक्षी एकता की जिस बैठक में कांग्रेस शामिल होगी, उसमें वह शामिल नहीं होगी। आगे जो भी हो, आम आदमी पार्टी विपक्षी एकता के लिए कोई बहुत अधिक इच्छुक नहीं। इसका कारण यह है कि दिल्ली के बाद पंजाब में सरकार बनाने और राष्ट्रीय दल का दर्जा पाने के उपरांत उसे लग रहा है कि वह कांग्रेस का स्थान ले सकती है। कुछ ऐसा ही हाल तृणमूल कांग्रेस की ममता बनर्जी का है उन्हें यह रास नहीं आ रहा कि कांग्रेस बंगाल में वाम दलों के साथ रहे। पटना की बैठक के बाद विपक्षी दलों ने यह तय किया है कि उनकी अगली बैठक शिमला में होगी और उसमें तय होगा कि कौन कहां से चुनाव लड़ेगा ? यह तय करना आसान नहीं, क्योंकि कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को यह लग रहा है कि वह अपना खोया हुआ जनाधार फिर से हासिल कर रही है। विपक्षी एकता की यह पहली ऐसी कोशिश है, जिसमें क्षेत्रीय दल अपने साथ खड़े होने वाले राष्ट्रीय दल यानी कांग्रेस की कुबार्नी चाहते हैं। वे विपक्षी एकता की कमान अपने हाथ में केवल रखना ही नहीं चाह रहे हैं, बल्कि यह भी बता रहे हैं कि कांग्रेस को क्या करना चाहिए और क्या नहीं ? सबसे अहम बॉत तो देश के सर्वाधिक लोकसभा सीटों वाले उत्तर प्रदेश में देखी जा सकती है, यहॉ तो सभी विपक्षी दल एक तीर घाट तो दूसरा वीर घाट पर नजर आ रहा है। पटना में जुटे विपक्षी दल यही दोहराते रहे कि मोदी को हटाना है। आखिर यह कोई एजेंडा कैसे हो सकता है ? उनके पास इस सवाल का जवाब नहीं कि मोदी को हटाकर करना




क्या है? विपक्षी दलों ने यह भी दोहराया कि मोदी सरकार के कारण लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। जहां राहुल गांधी ने अपना यह घिसा-पिटा बयान दोहराया कि भाजपा और संघ देश की नींव पर आक्रमण कर रहे हैं, वहीं नीतीश कुमार ने मोदी सरकार पर देश का इतिहास बदलने का आरोप लगाया। किसी ने ईडी और सीबीआइ की सक्रियता का रोना रोया तो किसी ने यह आशंका जताई कि यदि भाजपा 2024 में फिर सत्ता में आ गई तो आगे चुनाव ही नहीं होंगे यानी भारत में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। अभी हाल में कांग्रेस ने हिमाचल और कर्नाटक में विधानसभा चुनाव जीते हैं। यदि मोदी लोकतंत्र खत्म करने में जुटे हैं, जैसा कि विपक्षी दल दावा कर रहे हैं तो फिर विभिन्न राज्यों में गैर भाजपा दल सत्ता में कैसे हैं? क्या लोकतंत्र इसलिए खतरे में है कि भाजपा लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीत गई ? वैसे तो विपक्षी दल एकजुट होकर साझा सरकार बनाने की ही कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे कोई न्यूनतम साझा कार्यक्रम देने में नाकाम हैं।न्यूनतम साझा कार्यक्रम के नाम पर उनके पास कुछ है तो केवल यही कि मोदी को हटाना है। समस्या यह भी है कि उनके पास राष्ट्रीय दृष्टिकोण का अभाव है। राष्ट्रीय मुद्दों से अधिक वे क्षेत्रीय मुद्दों को अहमियत देते हैं। कई बार तो इतना अधिक कि राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे उनकी प्राथमिकता से बाहर हो जाते हैं। विपक्षी एकता की कोशिश इसके पहले भी हुई है, लेकिन अभी तक का अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा। विपक्षी दल चुनाव के समय एकजुट होने की कोशिश करते हैं और फिर बिखर जाते हैं। इस प्रक्रिया में वे पाला भी बदल लेते हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना आज विपक्ष में है और खुद को सेक्युलर बताने में लगी हुई है। कुछ यही हाल जनता दल यूनाइटेड का है। क्या यह विचित्र नहीं कि लंबे समय तक भाजपा के सहयोग से सत्ता में रहे नीतीश कुमार आज विपक्षी एकता के सबसे बड़े पैरोकार हैं ? भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने की पहल किस तरह क्षेत्रीय दलों की प्राथमिकताओं से टकरा रही है, इसका पता आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के इस कथन से चलता है कि पटना में होने जा रही बैठक में सबसे पहले उस अध्यादेश पर चर्चा हो, जो दिल्ली सरकार की सेवाओं को लेकर केंद्र सरकार लाई है। केजरीवाल चाह रहे हैं कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दल इस अध्यादेश का विरोध करें, लेकिन कांग्रेसी नेता इसके लिए तैयार नहीं दिख रहे हैं, क्योंकि दिल्ली और पंजाब में उनका मुकाबला आम आदमी पार्टी से है।विपक्षी एकता संभव तो है, लेकिन किसी ऐसे दल के नेतृत्व में, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपना प्रभाव रखता हो। ऐसा दल केवल कांग्रेस ही है। पटना बैठक को लेकर नीतीश कुमार और उनके सहयोगी चाहे जो दावा करें, इस तथ्य से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता कि इसमें न तो सभी विपक्षी दल शामिल हो रहे हैं और न ही यह स्पष्ट है कि पीएम पद का चेहरा कौन होगा ? अब जनाधार की बॉत की जाए तो अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के सामने चुनौती पेश करने के लिए विपक्षी दल भले ही एकजुट होने की कोशिश कर रहे हों, लेकिन पुराने आंकड़े उन्हें परेशान करेंगे। 14 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को पिछले लोकसभा चुनाव में 50 फीसद या उससे अधिक वोट मिले थे।इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में लोकसभा की 330 सीटें हैं, जिनमें भाजपा और सहयोगी दल 298 सीटें जीतने में सफल रही थी और अकेले भाजपा ने 255 सीटें जीती थीं। ध्यान देने की बात है कि 543 सीटों वाले लोकसभा में बहुमत के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है।2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों को देंखे तो छत्तीसगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को अकेले 50 फीसद वोट मिले थे। वहीं बिहार और महाराष्ट्र में जदयू और शिवसेना जैसे सहयोगी दलों के साथ भाजपा 50 फीसद मत हासिल किया था।विधानसभा चुनाव हारने के छह महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा छत्तीसगढ़ में 51.4 फीसद वोट के साथ 11 में से नौ सीटें, राजस्थान में 59.1 फीसद वोट के साथ 25 में से 24 सीटें (एक सीट सहयोगी दल को) और मध्यप्रदेश में 58.5 फीसद वोट के साथ 29 में से 28 सीटें जीतने में सफल रही थी। वहीं, विधानसभा चुनाव में भाजपा को छत्तीसगढ़ में महज 33.6 फीसद, राजस्थान में 39.3 और मध्यप्रदेश में 41.6 फीसद वोट मिले थे।कर्नाटक में भी 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा 36.2 फीसद वोट के साथ बहुमत से दूर रह गई थी, लेकिन एक साल बाद लोकसभा चुनाव में 51.7 फीसद वोट के साथ 28 में से 25 सीटें जीतने में सफल रही और एक सीट भाजपा समर्थित निर्दलीय ने जीता था।ध्यान देने की बात है कि चाहे लोकसभा का चुनाव हो या फिर विधानसभा का, भाजपा एक बार हासिल वोट फीसद हासिल करती है तो उसे बरकरार रखती है। पिछले महीने हुए कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी देखा जा सकता है, जहां 65 सीटों पर सिमटने के बावजूद भाजपा का लगभग 36 फीसद वोट हासिल किया। हिमाचल प्रदेश, दिल्ली विधानसभा और एमसीडी चुनाव में भी यह रिकॉर्ड दिखा था। बात सिर्फ इन 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तक सीमित नहीं है। 25 सीटों वाले आंध्रप्रदेश और 21 सीटों वाले ओडिशा में एकता की तलाश में जुटे विपक्षी दलों का जनाधार नहीं है। आंध्रप्रदेश में वाइएसआर कांग्रेस और ओडिशा में बीजेडी का जनाधार है, लेकिन दोनों दल राजग में नहीं होते हुए भी अहम मुद्दों पर संसद में मोदी सरकार के साथ खड़े होते हैं।

## कविता

### योग दिवस

योग दिवस है आज
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
आओ मिलकर योग करें
योग के प्रति जागरूकता बढ़ाकर
प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्णय में सहयोग
करें

योग दिवस है आज
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
सिर्फ आज ही क्यों इसे मनाए हम
क्यों न इसे हर रोज करके
अपने तन- मन को निरोग बनाए हम

योग दिवस है आज
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
आओ अब से हर रोज इसे मनाए हम
नित्य सबेरे योग करके
सुंदर और सुदृढ बन जाए हम!

उषा कुमारी साव

# नशा मुक्ति के लिए उठे बड़े कदम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**आज** पूरी दुनिया नशे के चंगुल में फंसी हुई है। दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है जहां के लोगों को नशे कि लत नहीं लगी हो। भारत में तो स्थिति और भी बदतर हो रही है। यहां की बहुत बड़ी आबादी नशे की गिरफ्त में आ चुकी है। विशेषकर युवा वर्ग में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति समाज व राष्ट्र के लिए एक बड़ी चिंता का विषय है। नशे की लत के कारण बहुत से नौजवानों का भविष्य बर्बाद हो चुका है। हमारे देश में नशा करने वाले युवा पीढ़ी के लोग अब चरस, हेरोइन, कोकीन,अफीम जैसा खतरनाक नशा करने लगे। देश भर में नशे का सामान बेचने वाले बड़े-बड़े नशा माफिया पनप गए हैं। जो स्कूलों, कॉलेजों में कम उम्र के नौजवानों को नशे का सामान बेचते हैं। घर से बाहर रहकर पढ़ने वाले बहुत से छात्र इन नशा माफियाओं के चंगुल में फंसकर नशे की लत के शिकार हो जाते हैं। जब तक उनके घर वालों को असलियत का पता चलता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। नशीले पदार्थों के निवारण के लिए प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया जाता हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने एक प्रस्ताव में 7 दिसम्बर 1987 से इसे मनाने का निर्णय लिया था। इसका उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना हैं। यह अच्छी बात है कि इस दिन लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाता है। लोगों को सचेत किया जाता है, सावधान किया जाता है। मगर जब तक समाज व सरकार नशे को जड़ से समाप्त करने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही नहीं करेगी तब तक नशे का व्यापार फैलता ही रहेगा। भारत में भी सरकार ने विभिन्न प्रकार के नशे के सामान की बिक्री पर रोक लगा रखी है। कई कानून भी बनाए हैं। मगर उन पर प्रभावी अमल नहीं हो पाता है। जिसके चलते खुलेआम नशे का कारोबार होता है। आज देश में कहीं से कोई भी व्यक्ति नशे का कोई भी सामान खरीद सकता है। उसे ना कोई रोकने वाला है ना कोई टोकने वाला है। नशे का सामान बेचने वाले सौदागर दिनों दिन धनवान होते जा रहे हैं। जिस कारण से उनका पुलिस व प्रशासन पर पूरा प्रभाव रहता है। जिसकी बदौलत वह शासन, प्रशासन से मिलकर सरेआम धड़ल्ले से अपना धंधा करते रहते हैं। नशे की प्रवृत्ति के खिलाफ हमारा समाज भी जागरुक नहीं है। नशे की लत के चलते पंजाब जैसा संपन्न प्रांत नशेड़ियों का प्रदेश कहलाने लगा था। वैसी ही स्थिति आज देश के अधिकांश प्रदेशों की हो रही है। नशे को लेकर पंजाब जब सुर्खियों में आया तो पूरे देश का ध्यान उस तरफ गया और वहां नशे के कारोबार पर कुछ हद तक अंकुश लग पाया। वैसा ही हमें पूरे देश में करना होगा तभी नशे की तरफ जा रही हमारी युवा पीढ़ी को भटकने से रोका जा सकेगा। कहते हैं कि नशा हर अपराध की जड़ होता है। नशेड़ी व्यक्ति कोई भी बुरे से बुरा काम करने से नहीं झिझकता सकता है। अधिकांश अपराध नशे की धुन में ही किए जाते हैं।

## विचार

# पैदा हों भारत में नंदन नीलेकणि जैसे दर्जनों दानवीर

**आर.के. सिन्हा**

**इंफोसिस** टेक्नोलॉजीज के सह - संस्थापक नंदन नीलेकणि ने देश के धन कुबेरों के समक्ष एक अद्भुत मिसाल कायम की है। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान कर दिये हैं। ये भारत में किसी भी पूर्व छात्र की ओर से अपने इंस्टीट्यूट या कॉलेज को किया गया सबसे बड़ा दान है। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटी बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं। वे इसी संस्थान के छात्र रहे हैं। दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी भी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। सरकार की अपनी सीमाएं हैं। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधार कार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ट पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने की योजना को उन्होंने ही सफलतापूर्वक लागू करवाया। तो हम पहले बात कर रहे थे कि समाज के सफल लोगों, जिनमें उद्यमी, कारोबारी, नौकरशाह आदि शामिल हैं, को उन शिक्षा के मंदिरों का साथ देना चाहिए जहाँ से वे पढ़े हैं और आज सफल उद्यमियों में शुमार हैं। देखिए, नंदन नीलेकणि सिर्फ मुनाफा कमाने वाले उद्यमियों में से नहीं हैं। वे बार-बार साबित करते हैं कि वे अलग तरह के उद्यमी हैं। भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के आईटी सेक्टर में अपनी खास पहचान रखने वाली इंफोसिस टेक्नोलॉजी ने अपनी स्थापना के 30 साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए अपने हजारों कर्मियों को ई-सोप्स के तोहफे से नवाजा था। कंपनी के कर्मियों को उनके कार्यकाल के साल के आधार पर ई-सॉप्स दिया गया था। इंफोसिस ने ही देश में ई-सॉप्स की परम्परा चालू की थी। भारत के आईटी सेक्टर के पितृ पुरुष यानी एन.नारायणमूर्ति और नंदन नीलेकणि जैसी गजब की शख्सियतों के मार्गदर्शन में आई टी सेक्टर की सबसे सम्मानित बनी इस आईटी कंपनी ने ई-सॉप्स की शुरूआत की थी। कहने की जरूरत नहीं है कि इंफोसिस के इस फैसले से मुलाजिमों में मालिकाना हक की भावना पैदा हुई। तो बहुत साफ है नीलकेणी कुछ हटकर ही करते रहते हैं। इस बीच, सबको पता है कि भारत या भारत से बाहर जाकर बड़ी कामयाबी हासिल करने वालों में आईआईटी में पढ़े छात्रों की तादाद बहुत अधिक है। एन. नारायणमूर्ति खुद आईआईटी कानपुर से हैं। ट्वीटर के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल भी पढ़े हैं आईआईटी, मुंबई में। इसने देश-दुनिया को चोटी के सीईओ से लेकर इंजीनियर दिए हैं। आप नए उद्यमियों, खासतौर पर ई-कॉमर्स से जुडी बात करें, और सचिन बंसल और बिन्नी बंसल की चर्चा न करें ये तो नहीं हो सकता। इन दोनों ने फ्लिपकार्ट की स्थापना की थी। ये दोनों आईआईटी, दिल्ली में रहे। भारत में पहली आईआईटी की स्थापना कोलकाता के पास स्थित खड़गपुर में 1950 में हुई थी। भारत की संसद ने 15 सितंबर 1956 को आईआईटी एक्ट को मंजूरी देते हुए इसे "राष्ट्रीय महत्व के संस्थान" घोषित कर दिया। इसी तर्ज.पर अन्य आईआईटी मुंबई ( 1958), मद्रास ( 1959), कानपुर ( 1959), तथा नई दिल्ली ( 1961) में स्थापित हुंई। फिर गुवाहाटी में आई आई टी की स्थापना हुई। सन 2001 में रुड़की स्थित रुड़की विश्वविद्यालय को भी आईआईटी का दर्जा दिया गया। आईआईटी में पढ़े विद्यार्थी सारी दुनिया में छाए हुए हैं। ये सब मोटी पगार ले रहे हैं या फिर अपना बिजनेस करके खूब कमा रहे हैं। इन सबको भी अपनी आईआईटी के अलावा उन स्कूलों की भी मदद करनी चाहिए जहाँ से पढ़े हैं। ये याद रखा जाना चाहिए कि किसी भी इंसान की ज्ञान पाने की नींव तो उसके स्कूल में ही रखी जाती है। इसलिए स्कूलों के महत्व को समझा जाना चाहिए। हमें अपनी सभी कॉलेज और विश्वविद्लायों को सेंट स्टीफंस कॉलेज,आईआईटी और आईआईएम के स्तर का बनाना होगा। इन्हें आधुनिक सुविधाओँ से लैस करना होगा।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# अखंड भारत की अंतर्ध्वनि के मध्य सुलगता मणिपुर?

**तनवीर जाफरी**

**विगत** लगभग दो महीने से भारत का प्रमुख पुर्वोत्तरीय सीमावर्ती राज्य मणिपुर हिंसा की अभूतपूर्व आग में जल रहा है। यहां फैली अराजकता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कई सेनाधिकारी मणिपुर की तुलना सीरिया, लेबनान व नाइजीरिया जैसे अशांत देशों के हालात से कर रहे हैं। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के एक केंद्रीय मंत्री,मणिपुर राज्य की भाजपा सरकार के राज्य मंत्री ,भाजपा के कार्यालय और भाजपा विधायकों के घर उपद्रवियों द्वारा आग के हवाले किये जा चुके हैं। खबरों के अनुसार एक हजार से अधिक घर फूंके जा चुके हैं जबकि 30 हजार से भी ज्यादा लोग शरणार्थी शिविरों में रहने को मजबूर हो चुके हैं। स्थानीय मैतीय व जनजातीय कुकी समुदाय के बीच एसटी का दर्जा दिए जाने को लेकर आये एक अदालती फैसले के बाद छिड़ी हिंसा इस स्तर तक पहुँच गयी कि वहां सत्ता से लेकर शासन प्रशासन ,पुलिस आदि सभी जगहों पर जातीय स्तर पर विभाजन की रेखायें खिंच गयी हैं। खबरें तो यहाँ तक हैं कि सुरक्षा बलों व पुलिस ने अपनी अपनी जातियों के लोगों को संवेदनशील हथियार तक बाँट दिए हैं। कुछ चतुर राजनीतिज्ञ व विश्लेषक इस हिंसा को हिन्दू व ईसाई संघर्ष के रूप में भी परभाषित कर रहे हैं और ईसाई मिशनरी द्वारा कथित तौर पर कराये जाने वाले धर्मांतरण को इस हिंसा का कारण बता रहे हैं। और इस तरह का विश्लेषण करने वाले लोग एक बार फिर पंडित नेहरू को वर्तमान मणिपुर संकट का जिम्मेदार बताने की कोशिश में भी जुट गए हैं। बहरहाल चीन व म्यांमार जैसे देशों के सीमावर्ती इस अशांत राज्य में अब तक दो सौ से अधिक लोगों के मारे जाने व तीन हजार से ज्यादा लोगों के जख़्मी होने का भी समाचार है। परन्तु मणिपुर में तो डबल इंजन की सरकार है? केंद्र व राज्य दोनों ही जगह भारतीय जनता पार्टी सत्तारूढ़ है? भाजपा तो स्वयं राज्य के विकास के लिये 'डबल इंजन ' की सरकार यहाँ तक कि भाजपा स्थानीय स्वायत शासन,जिला परिषद् व नगर निगम /पालिकाओं के चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की अपील जनता से यही बताकर करती है कि एक ही पार्टी की सरकारों से विकास होगा,कानून व्यवस्था सुधरेगी आम लोगों की सभी जरूरतें पूरी होंगी आदि। फिर क्या वजह है कि मणिपुर इतना जलने लगा कि उस की तुलना सीरिया, लेबनान व नाइजीरिया जैसे देशों के हालात से की जाने लगी ? पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मणिपुर को जलता हुआ छोड़कर अमेरिका का दौरा किया।

# चैट जीपीटी एआई और कुर्सी कथा

**रामविलास जांगिड़**

चैट जीपीटी उर्फ एआई उर्फ कृत्रिम बुद्धिमत्ता को दलदल पार्टी के आलाकमान ने अपनी दोनों स्वार्थ भरी आंखों की कमानों को गीले करते हुए पूछा- "हे चैट जीपीटी देव! मेरे पास मंत्री पद की एक टूटी हुई कुर्सी है और एक अन्य विरोधी पार्टी के पास मुख्यमंत्री के रूप में एक साबुत कुर्सी है। मेरी नजर इस साबुत कुर्सी पर गड़ी हुई है। मेरे पास एक बहुत बड़ी जाति की लकड़ी का डंडा भी है और मैं साबुत कुर्सी पर बैठना चाहता हूं। मुझे क्या करना चाहिए?" फटाक देनी सी चैट जीपीटी देवता ने अपना व्याख्यान दिया- "हे दलदल पार्टी के स्वार्थ भरे कमान देव! हे महागठबंधन को महान ठगबंधन में परिवर्तित करने वाले प्रभु श्री! आप को समझाना और ऊंट को मोटर में बिठाने के समान होगा। आपको ट्यूशन देने से अच्छा है कि मैं किसी कुत्ते को ज्ञान गंगा में नहला दूं। आप रंग बदलने की ट्यूशन में गिरगिट के भी बाप लगते हो। फिर भी आपका आदेश मेरे सिर हाथ व आंखों पे है। यहां कुछ प्रस्तावित सूची है जो आपकी सहायता कर सकती है। कुर्सी को ठीक करें- यदि टूटी हुई कुर्सी के सारे टुकड़े आपके हैं तो आप उन्हें कुर्सी पर बिठाने का सपना दिखाकर उन्हें एक साथ जोड़कर कुर्सी को ठीक कर सकते हैं। आप संकल्प करें कि आप इस कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। यही संकल्प दोहरा कर आप उन्हीं से कुर्सी ठीक करवा लें। (यह तो पक्का है कि कुर्सी पर आप ही को बैठना है। आपका संकल्प, सत्य, वादादि आपने जाने कितने बार तोड़ दिया है। वैसे ही आप इसे भविष्य में तोड़ देंगे। यही आपका अपना निजी संकल्प है।) आपके अपने सामर्थ्य से अपनी जाति के बड़े डंडों, अपने क्षेत्र के स्वार्थी बल व देश सेवा के सुहावने बोल्ट का उपयोग करके कुर्सी को बांध लीजिए।

वैकल्पिक बैठने का तरीका- यदि कुर्सी को ठीक करना संभव नहीं है, तो आप अलग तरीकों से साबुत कुर्सी पर बैठ सकते हैं। उदाहरण के लिए, आप अपने ढंग की जातियों के डंडे का उपयोग करके साबुत कुर्सी को टिकाने का प्रयास कर सकते हैं। अपनी जाति का डंडा दिखाकर टूटी हुई कुर्सी विरोधी के ऊपर फेंक सकते हैं। इसी छीना झपटी में आप साबुत कुर्सी पर आराम से बैठ सकते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### चोर के साथ बैटरी खरीदने वाला किया गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने बैटरी चुराने वाले चोर के साथ चोरी की बैटरी खरीदने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना सदर बाजार क्षेत्र में मुबीन मोटर्स के बाडे से बैटरी चोरी करने वाले एक अभियुक्त व चोरी की बैटरी खरीदने वाला व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। 24 जून मुवीन पुत्र इद्दन खांन निवासी औरंगाबाद थाना सदर बाजार ने उसकी गाडी रिपेयरिंग की दुकान के बड़े से 11 बैटरियां चुरा कर ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया था। प्रार्थना पत्र के आधार पर अज्ञात के चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। नितेश कुशवाह पुत्र नाथूराम हाल निवासी पंचवटी कालोनी थाना सदर बाजार जिला मथुरा मूल निवासी ओमनगर कालोनी थाना लाइनपार जिला फिरोजाबाद तथा पवन कुमार पुत्र कुँवर सैन निवासी नौगांव थाना हाईवे को पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजर जसवीर सिंह ने बताया कि इनके कब्जे से नौ कार की बैटरी, तीन पेचकस, दो प्लास, 13 रिंच और पाना छोटे बडे, एक छैनी, एक ट्रालीवर, दो हथौडे, एक जैक, मोटरसाइकिल के तीन चेन स्पोकिट, एक साइलैंसर कटा हुआ, एक चार पहिया गाडी के टायर की रिम बरामद हुए।

### मत्स्य पाठ्यक्रम से शिक्षा लेने से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर: डॉ जे. पी. यादव

**कानपुर/टीम एक्शन इंडिया**
मत्स्य विज्ञान में छात्रों को बहुत संभावनाएं हैं छात्र मत्स्य में स्नातक कोर्स बी.एफ.एस.सी कर सकते है और परास्नातक कोर्स एम.एफ.एस.सी करने के उपरांत इसी मे पीएचडी कर शिक्षण कार्य, वैज्ञानिक , विषय विशेषज्ञ, स्वरोजगार में भविष्य बना सकते है। यह जानकारी रविवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मत्स्य महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ जे. पी. यादव ने दी। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं की मत्स्य पाठ्यक्रम के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए मत्स्य पाठ्यक्रम में रोजगार अवसर के संबंध में आगे बताया कि आज युवा इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत इस ऊहापोह में रहता है कि हम क्या करें क्या न करें । सोचता है कि हम कौन सा कोर्स करें जिससे हमको अच्छी नौकरी मिल सके । बहुत से युवा ग्रामीण क्षेत्रों से होते हैं वह ये ही नहीं सोच पाते कि टेक्निकल कोर्सेस की भूमिका क्या होती है। इस जून माह में लगभग सभी संस्थानों की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न हो चुकी हैं और उनके रिजल्ट भी घोषित किए जा चुके हैं ।

**मत्स्य विज्ञान में जाने कैसे प्राप्त होगा रोजगार**
उन्होंने बताया कि किस प्रकार मत्स्य विज्ञान में छात्र रोजगार प्राप्त कर सकता है। मत्स्य विज्ञान में छात्रों को बहुत संभावनाएं हैं छात्र मत्स्य मे स्नातक कोर्स बीएफएससी कर सकते है और परास्नातक कोर्स एमएफएससी करने के उपरांत इसी मे पीएचडी कर शिक्षण कार्य, वैज्ञानिक , विषय विशेषज्ञ, स्वरोजगार में भविष्य बना सकते है । आज युवा मत्स्य के छेत्र में डिग्री लेने के उपरांत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर अपना रोजगार स्थापित कर सकता है जिसके लिए सरकार की विभिन्न योजनाएं है। उदाहरण के रूप में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संपादित हैं। टीचिंग एसोसिएट डॉ ध्रुव कुमार ने बताया कि युवा सरकारी पदों जैसे मत्स्य विकास अधिकारी , मत्स्य निरीक्षक , सहायक मत्स्य निदेशक में भी रोजगार प्राप्त कर सकते है ।

### एएमए बदलेगा बरियारी गाँव की तस्वीर: डॉ सुबोध जैन

**प्रयागराज**
इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन ने आओ गाँव चले योजना के अन्तर्गत निःशुल्क ग्रामीण सेवा शिविर के लिए अति पिछड़ा बरियारी गांव, फूलपुर व उससे संलग्न अन्य पिछड़े गांवों का चुनाव किया था। जिसके अंतर्गत रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में एएमए के डाक्टरों ने लगभग 340 मरीजों का जांच व इलाज किया।
डाक्टरों के दल में इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के सीनियर सर्जन एवं योजना के संचालक डॉ शार्दूल सिंह, एएमए अध्यक्ष डॉ सुबोध जैन, सचिव डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ अशोक अग्रवाल, डॉ कमल सिंह, डॉ बीके मिश्रा, डॉ अनूप चैहान, डॉ सुभाष वर्मा, डॉ उत्सव सिंह आदि शामिल थे। महिला रोग सम्बन्धित जानकारी, बचाव के तरीके व उपचार महिला रोग विशेषज्ञ डॉ विनीता मिश्रा एवं डॉ कंचन मिश्रा द्वारा किया गया। डॉ कंचन मिश्रा ने लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया और प्लास्टिक की बोतलें एवं पॉलिथीन का प्रयोग नही करने की सलाह दी।

# मुख्यमंत्री ने वृंदावन में साधु संतों के साथ मिट्टी बर्तनों में लिया स्वल्पाहार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रविवार की सुबह कान्हा की नगरी श्री धाम वृंदावन में उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पहुंचे। सुबह करीब 7:30 बजे योगी आदित्यनाथ का सरकारी हेलीकॉप्टर पवन हंस हेलीकॉप्टर उतरा और वहां से वह सुरक्षा इंतजाम के साथ परिक्रमा मार्ग में चल रहे सीवेज प्लांट के कार्य को देखने पहुंचे। वहीं वृंदावन के टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में वृंदावन के संत महंतों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वल्पाहार लिया और साधु संतों ने मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ को वृंदावन की मूलभूत असुविधाओं से अवगत कराया। वही कई साधु संतों ने बताया कि योगी आदित्यनाथ ने वृंदावन के जाम की समस्या बंदरों की समस्या विद्युत समस्या आदि गंभीर समस्याओं पर गहन चर्चा की। वही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा के लिए निकल गए। इससे पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश पं दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा एवं गौ अनुसंधान विश्वविद्यालय अतिथि गृह परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के उपरान्त मथुरा से हेलीपैड पवनहंस वृन्दावन पहुंचे। हेलीपैड पवन हंस वृन्दावन से कार द्वारा परिक्रमा मार्ग पर जल निगम अर्बन की निमार्णाधीन सीवर लाइन कार्य का निरीक्षण किया। सीवर लाइन का प्रतिस्थापन 500 मिमी से 600 मिमी व्यास का है जो 1420 मीटर की होगी तथा 40 मैनहोल परियोजना में शामिल है। 1420 मीटर की उक्त परियोजना में सीवर लाइन के कुल प्रस्तावित प्रतिस्थापन में से लगभग परिक्रमा मार्ग पर 1220 मीटर को बदला जाना है उसका कार्य तेजी से चल रहा है। गैर परिक्रमा मार्ग पर कार्य पूर्ण हो गया है तथा परिक्रमा मार्ग पर कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा पर्यटक सुविधा केंद्र यटीएफसी वृंदावन में गोवर्धन बरसाना गोकुल तथा वृन्दावन के संत जनों के साथ जलपान किया। कार्यक्रम में मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें विभाग लक्ष्मी नारायण चैधरी, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बेसिक शिक्षा विभाग संदीप सिंह, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मण्डलायुक्त अमित गुप्ता, एडीजी राजीव कृष्ण, आईजी दीपक कुमार, जिलाधिकारी पुलकित खरे, नगर आयुक्त अनुनय झा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय आदि मौजूद रहे।

## जैंत पुलिस ने 50 लाख का गांजा पकडा, तीन गिरफ्तार



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना जैंत पुलिस ने 1.5 क्विंटल गांजे के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकडे गये गांजे की बाजार में कीमत करीब 50 लाख रुपये है। तीनों तस्करों को इनेवा कार डीएल 7 सीजी 3337 से जैत सुनरख कट से गिरफ्तार किया। तस्कर गाडी में छिपाकर पुलिस से बचने के लिये इनोवा गाडी पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर ले जा रहे थे। थानाध्यक्ष जैंत अजय वर्मा के मुताबिक एहसान पुत्र आजाद उम्र करीब 27 वर्ष निवासी मोहल्ला इमामबाडा कस्बा केमरी तहसील बिलासपुर थाना केमरी जिला रामपुर हाल निवासी मेट्रो पीलर न0 257 के सामने थर्ड प्लोर थाना वजीराबाद नई दिल्ली, प्रवेज पुत्र उम्मेद निवासी आमबेटा सेगा थाना देवबंद जिला सहारनपुर, अताउर रहमान पुत्र मो. आरीफ निवासी हाजी कियामुद्दीन बारादरी बल्ली मारन चांदनी चैक थाना हौसकाजी पुरानी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। गाडी से चार फर्जी नम्बर प्लेट बरामद की गई हैं।

## गोवर्धन की सप्तकोसीय परिक्रमा में कच्चे मार्ग पर होगी श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
सप्तकोसीय गिरिराज जी की परिक्रमा में अब श्रद्धालु कच्चे मार्ग पर चलने का लालच नहीं छोड़ सकेंगे।
कच्चे मार्ग पर चलते समय श्रद्धालुओं को सुखद अनुभूति होगी। अब परिक्रमा करते हुए श्रद्धालुओं के पैरों में कंकड़ नहीं चुभेंगे, बिछाई जा रही पीली मिट्टी श्रद्धालुओं को चलते समय मखमली अहसास देगी। राजकीय मुड़िया मेला में गिरिराज जी की परिक्रमा में श्रद्धालु के पैरों में कंक्रीट की चुभन नहीं होगी, इसके लिए डीएम के आदेश पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारी परिक्रमा मार्ग पर पीली मिट्टी डलवा कर कंक्रीट उठवाने में जुटे हैं। पीडब्ल्यूडी के जेई ने कंक्रीट उठाने के लिए मजदूर लगा दिए हैं। पहली बार डीएम की मंशा के अनुरूप विभागीय अधिकारी कामों में जुटे हैं। गौरतलब है कि



3 जुलाई को गोवर्धन का राजकीय मुड़िया मेला संपन्न होगा। 27 जून से गिरिराज परिक्रमा के लिए श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ेगी।
श्रद्धालु भक्तों को परिक्रमा मार्ग में असुविधा न हो, इसके लिए डीएम पुलकित खरे, व्यापक स्तर पर व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। डीएम ने विगत दिनों जूते उतारकर नंगे पैर कच्चे परिक्रमा मार्ग पर चलकर व्यवस्थाओं की हकीकत जानी थी।

### बस की वायरिंग में लगी आग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 72 पर एक बस में आग लग गई। आग लगने की घटना रात के समय लगभग साढ़े ग्यारह बजे की है। बस की वायरिंग में आग लगने से बस में बैठी सवारियां घबरा गईं।
एक ट्रेवल की गाडी यमुना एक्सप्रेस वे से होकर गुजर रही थी। बस में करीब बेढ दर्जन सवारियां थीं। बस के इंजन में से अचानक धुआं निकलने लगा। चालक ने गाड़ी बंद कर बौनट उठाया तो उसका हाथ झुलस गया और गाडी की वायरिंग में आग लग गई। यात्रियों को गाडी उतारा गया और दूसरे साधनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

## बरसात से सुहाना हुआ मौसम पर व्यवस्थाओं की खुली पोल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बरसात से मौसम सुहाना हो गया है। तापमान नीचे आया है और बादल छाये रहने पर हवाएं भी ठंडी होकर बह रही हैं। ऐसे में मुडिया मेला में परिक्रमार्थियों की संख्या बढ़ सकती है। लेकिन यह सुहाना मौसम और बरसात प्रशासन की परेशानियां बढ़ा सकते हैं। बरसात ने मुड़िया मेला व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। पार्किंग स्थल पानी से तालाब में तब्दील हो चुके हैं। पार्किंग और ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ने पर मेला में आने वाले श्रद्धालु भक्तों के वाहन खड़ा कराना प्रशासन के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है। गौरतलब है कि राजकीय मुड़िया मेला 27 जून से शुरू



होगा। गिरिराज परिक्रमा के लिए 29 जून से श्रद्धालु भक्तों की भीड़ गिरिराज परिक्रमा के लिए उमड़ने की संभावना जताई जा रही है। इस बार मुड़िया मेला में दो करोड़ से अधिक भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। जिला प्रशासन बेहतर व्यवस्था मुहैया कराने के दावे कर रहा है। गिरिराज जी धाम में आने वाले श्रद्धालु भक्तों के वाहन पार्क करने के लिए चार दर्जन से अधिक प्रमुख मार्गों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर मैत्री भवन में हुआ आयोजन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अंतरराष्ट्रीय विधवा महिला दिवस के अवसर पर श्री धाम वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित मैत्री भवन आश्रम में विधवा महिलाओं ने विधवा महिला दिवस मनाया। माताओं ने अपने हाथ में नारे लिखी हुई तख्तियां भी पकड़ रखी थी। जिन पर लिखा था। इस अंतरराष्ट्रीय विधवा दिवस पर मैत्री आश्रम ने संकल्प लिया है कि हम इन बुजुर्ग विधवाओं को हर तरह से सहयोग देने की अपने प्रतिबद्धता दोहराएं। चाहे भले ही उनकी उम्र कुछ भी हो और कहीं भी रहती हो किसी भी कानूनी प्रणाली के दायरे में आती हो। हम उनको हर कानून नियम



से अवगत कराएं और उन्हें सुरक्षा प्रदान करें और सुरक्षा दिलाएं। मैत्री आश्रम के संचालक समाज सेवक जनरल भूपेंद्र सिंह एवं बिन्नी सिंह के द्वारा विधवा माताओं की सेवा के लिए मैत्री आश्रम का संचालन किया जा रहा है। मैत्री भवन में रहने वाली गायत्री माता ने बताया कि आज पूरे भारत में लगभग पांच करोड़ विधवाएं निवास करती हैं। जिसमें लगभग 15000 विधवा महिलाएं मथुरा जिले में निवास कर रही हैं। आज भी ज्यादातर विधवा महिलाएं आपको भीख मांगती हुई दिख जाएंगी। सरकार द्वारा विधवा पेंशन, वृद्ध आश्रम, विधवा घर जैसी तमाम योजनाएं चलाई जा रही है, लेकिन पूरी तरह से उनका लाभ इन विधवा महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है। जिसका कारण विभाग में काम करने वाले अधिकारियों की उदासीनता है। आज भी वृंदावन में रहने वाली सभी माताओं को विधवा पेंशन पूरी तरह नहीं बन पाई है। पति के मरने के बाद यह महिलाएं किस तरह अपना जीवन यापन करती हैं गुमनामी के अंधेरों में एक एक दिन किस तरह से काटती है इसका अनुमान कोई भी नहीं लगा सकता। आज मै विधवा माताओं की दयनीय स्थिति को लेकर बहुत ही दुखी हुं। कार्यक्रम में उपस्थित वृंदावन के नोडल ऑफिसर साजिद बेग ने कहा कि यह माताएं घर परिवार से बहुत ही दूर है। इनको प्यार की आवश्यकता है। हमारे द्वारा इनको हर प्रकार की मेडिकल सुविधा प्रदान की जाती है। साथ ही यह भी कोशिश रहती है, कि हर हाल में खुश रहें।

## वात्सल्य ग्राम में 10 दिवसीय बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर आयोजित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन के वात्सल्य ग्राम स्थित समविद गुरुकुलम के प्रांगण में समविद एवं सूर्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में लगे 10 दिवसीय बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का समापन समारोह शारीरिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शन के साथ संपन्न हुआ। समारोह के उद्घाटन पर दीप प्रज्जवलित करते हुए साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि बेटियां जब अपनी परंपरा और मान्यताओं से जुड़ेंगी तभी भारत, भारत रह सकता है। बेटियां करुणा और ममता पर्याय होती हैं लेकिन अब उन्हें दुर्गा और काली बनने की आवश्यकता है ताकि वह पापियों और दुराचरियों का मान मर्दन कर सकें साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाला कल तभी सार्थक होगा जब हम वर्तमान पर अपनी पकड़ बनाएंगे। मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु मन होता है लेकिन मन सबसे बड़ा मित्र भी होता है आवश्यकता है इस मनमतंग को अंकुश में रखने का और यह कार्य एक साधक ही कर सकता है और वह भी अपनी साधना के बल पर हमें किसी चीज का पर्याय बनना चाहिए अपनी पहचान को अपने किसी विशेष योग्यता से स्थापित करनी चाहिए ताकि समाज हमें उसी पहचान से जान और समझ सके शिविर को दुर्गा, गार्गी, लक्ष्मी और निवेदिता चार वर्गों में बांटा गया । शिविरार्थियों ने प्रदर्शन करते हुए कैप्टन कुमारी कला के नेतृत्व में सेरेमोनियल परेड के द्वारा साध्वी रितंभरा को सलामी दी। उसके बाद जूडो कराटे, योगासन एवं पीटी का प्रदर्शन किया गया।

## ग्राहक बनकर आये और तिजोरी से उडा ले गये 50 हजार रुपये

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कोसीकला स्थित एक सरार्फा की दुकान पर रविवार को ग्राहक बनकर पहुंचे दो लोगों ने पचास हजार रुपये तिजोरी से चोरी कर लिए। दुकानदार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू की दी है। शहर के गांगवान मोहल्ला निवासी गिरधारी की वाल्मीकि बस्ती तालाबशाही के पास ज्वैलर्स की दुकान है। उनका बेटा कन्हैया दुकान पर बैठता है। रविवार की दोपहर को कन्हैया खाना खाने के लिए चला गया। गिरधारी दुकान पर अकेले बैठे हुए तभी दो युवक दुकान पर आये एक युवक दुकान के बाहर खडा हो गया। दूसरे युवक ने उनके सोने के आभूषण दिखाने को कहा इस पर उन्होंने कई तरह के सोने के आभूषण दिखाऐ। युवक ने दुकानदार के पिता को बातों में उलझा कर तिजोरी में रखे 50 हजार रुपये निकाल लिए और बाहर खड़े अपने साथ के साथ स्कूटी पर सवार होकर भाग निकले।

## शहर से गांव तक महिलाओं को बता रहे उनके अधिकार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महिलाओं को अधिकार तो बहुतेरे हैं। लेकिन जानकारी कम है। अधिकार होने के बाद भी महिलाएं अपने अधिकारों को उपयोग नहीं कर पा रही हैं और कई तरह के त्रास झेलने को अभिशप्त हैं। महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने के लिए मथुरा पुलिस लगातार अभियान चला रही है। शहर की गलियों से लेकर गांव के मोहल्ले तक महिला पुलिसकर्मी महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी दे रही हैं। उनकी बातें सुन रही हैं, उन्हें बताया जा रहा है कि तरह



से वह पुलिस और दूसरे स्तरों पर शिकायत कर सकती हैं। मदद ले सकते हैं। एसएसपी शैलेश पांडेय के निर्देशन में समस्त थानों की एंटी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के संबंध में महिला सशक्तिकरण अभियान के अन्तर्गत छात्र छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक करते के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण नम्बर साझा किये। पम्पलेट बांटे और महिलाओं के सवालों और शंकाओं का समाधान किया।

# 465 वर्ष पुराना है प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला, लाखों भक्त लगाते हैं परिक्रमा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मुड़िया पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा का मेला भी कहा जाता है। लगभग 464 साल पहले सनातन गोस्वामी के गोलोक गमन में प्रवेश करने पर उनके अनुयायी शिष्यों ने सिर मुडाकर परिक्रमा लगाई थी। तभी से मुड़िया पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। हालांकि यह मेला गुरु शिष्य परंपरा का अनूठा उदाहरण है। चूंकि इसी पूर्णिमा को शिष्य गुरु से गुरु दीक्षा ग्रहण करते हैं। गोवर्धन में यह मुड़िया मेला के नाम से प्रसिद्ध है। पांच दिवसीय मुड़िया मेला में करोड़ों श्रद्धालु भक्त गोवर्धन पहुंच कर गिरिराज जी की परिक्रमा लगाते हैं। दरअसल मुड़िया मेला 27 जून से शुरू हो जाएगा। तीन जुलाई को



गोवर्धन के कमलेश्वर स्थित राधा श्याम सुंदर मंदिर से मुंडिया शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। मुड़िया संत राम किशन दास बताते हैं कि इसकी स्मृतियां चैतन्य महाप्रभु और सनातन गोस्वामी से जुड़ी हुई हैं। चैतन्य महाप्रभु से प्रभावित होकर उन्होंने मंत्री पद त्याग दिया और वृंदावन आ गए। यहां चैतन्य महाप्रभु से दीक्षा प्राप्त कर वह गोवर्धन में मानसी गंगा के तट स्थित कालेश्वर मंदिर के निकट कुटी बनाकर रहने लगे। वे वृद्धावस्था में भी प्रतिदिन गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा किया करते थे।
सनातन गोस्वामी का अब से 464 वर्ष पहले आषाढ़ पूर्णिमा संवत 1558 को निधन हो जाने पर उनके शिष्यों ने परंपरानुसार सिर मुंडवा कर सनातन गोस्वामी की अर्थी के साथ गाते बजाते हुए कीर्तन कर परिक्रमा लगाई। सनातन गोस्वामी के निर्वाण की तिथि शिष्यों के लिए पुण्यतिथि बन गई। अनुयाई शिष्य सिर मुंडन कराकर शोभा यात्रा निकालते हैं। इस बार 465 वीं मुडिया शोभा यात्रा निकाली जाएगी।
वृंदावन से गिरिराज परिक्रमा के लिए गोवर्धन आते थे सनातन गोस्वामीबताते हैं कि सनातन गोस्वामी पश्चिमी बंगाल के शासक हुसैन शाह के दरबार में मंत्री थे। चैतन्य महाप्रभु से प्रभावित होकर उन्होंने मंत्री पद त्याग दिया और वह वृंदावन आ गए। यहां चैतन्य महाप्रभु से दीक्षा प्राप्त कर, वह गोवर्धन में मानसी गंगा के तट स्थित कालेश्वर मंदिर के निकट कुटी बनाकर रहने लगे। वे वृद्धावस्था में भी गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा किया करते थे।

## वैदिक शिक्षा से बालिकाओं को मिलेगी नई दिशा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
संस्कार हमारी पहचान है। आज समय की मांग है कि सनातन संस्कृति और परंपरा को हम अपने जीवन में आत्मसात करें। गुरुकुल परम्परा और वैदिक शिक्षा हमको आदर्श जीवन पद्वति सिखाती है। यह विचार आदर्श सनातन संस्कार शाला गुरुकुलम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद और सनातन संस्कृति विशेषज्ञ डाक्टर उमेश शर्मा व्यक्त किए। बुधवार को गोधूलि पुरम में आदर्श संस्कार शाला के बालिका गुरुकुल विद्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में देहरादून से पधारे शिक्षाविद और पुरातत्वविद धीरेंद्र शर्मा ने कहा कि गुरुकुल परंपरा भारत की अति प्राचीन



परंपरा है। बच्चों को संस्कार से सिंचित कर राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ समाज की महत्वपूर्ण इकाई रूप में आदर्श प्रस्तुत करना ही गुरुकुल परंपरा की मुख्य पहचान है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ शिक्षाविद डॉक्टर शारदा मिश्रा ने कहा कि वैदिक शिक्षा से ही बालिकाओं के जीवन को नई दिशा और जीवन दर्शन प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति सदैव से समाज में हर कार्य में अग्रणी और कर्मशील रही है। इतिहास गवाह रहा है कि महिलाओं ने युद्ध के मैदान से लेकर वेद विधा सनातन के प्रचार तक हर कार्य को आदर्श रूप में प्रतिपादित किया है। गीता धाम के विद्वान के. कृष्णमूर्ति ने कहा है कि वैदिक ज्ञान का संदेश जीवन संस्कार को सही दिशा दे सकता है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 26 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# वृन्दावन: विकास कार्यों का निरीक्षण किया

### पर्यटन सुविधा केंद्र में सीएम ने संतों के साथ किया जलपान और वार्ता, मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय अतिथि गृह परिसर में पौधारोपण भी किया

**वार्ता की**

**सीवर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न करने के निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वृन्दावन में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वृंदावन में चल रहे सीवर परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पन्न करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार से मथुरा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। योगी आदित्यनाथ ने 2017 में उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही सबसे पहले ब्रज के विकास और यहां के तीर्थ स्थलों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इसके लिए सीएम योगी ने सबसे पहले उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद की घोषणा कर, ब्रज तीर्थ विकास परिषद का गठन किया। अब ब्रज में विकास कार्यों की गंगा बह रही है। ब्रज के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार सुबह करीब 08 बजे गेस्ट हाउस से सीधे अधिकारियों संग वृंदावन में चल रहे विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए निकल गए। उन्होंने सीवर परियोजना के निरीक्षण कर, अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री योगी स्थलीय निरीक्षण के बाद सीधे साधु- संतों के साथ वार्ता के लिए वृंदावन में बने पर्यटन सुविधा केंद्र में पहुंच गए। वहां पर योगी ने साधु- संतों के साथ वार्ता कर उनका हालचाल जाना और मथुरा में हो रहे कार्यों पर उनसे चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने वार्ता के दौरान संतों के साथ जलपान ग्रहण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री वृंदावन में बने हेलीपैड की ओर प्रस्थान कर गए।

## मीडिया जगत के ध्रुव तारा हैं रामनाथ गोयनका: सीएम योगी




**टीम एक्शन इंडिया/गौतमबुद्ध नगर**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन लोकतांत्रिक भारत का काला अध्याय है। 48 वर्ष पहले इसी दिन भारत के लोकतंत्र का गला को घोटने का कार्य हुआ था। उस दौर में मीडिया और लोकतंत्र को बचाने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाने का कार्य स्वर्गीय रामनाथ गोयनका ने किया था। रामनाथ गोयनका मीडिया जगत का चमकता हुआ ध्रुव तारा हैं। जब भी लोकतंत्र और पत्रकारिता की बात होगी, तब गोयनका जी का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को रामनाथ गोयनका मार्ग के अनावरण कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने स्वर्गीय रामनाथ गोयनका और आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ाई लड़ने वाले सभी लोकतंत्र सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। योगी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में गोयनका ने एक योद्धा की तरह कार्य किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रेरणा से गोयनका जी ने वर्ष 1936 में इंडियन एक्सप्रेस की स्थापना कर भारत की आमजन की आवाज को एक नई ऊंचाई देना का कार्य। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोयनका ने मीडिया की स्वतंत्रता के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका किस तरह की होनी चाहिए।

# पहाड़ों में हो रही मूसलाधार बारिश, नदी उफान पर, अलर्ट जारी

**राफ्टिंग बंद**

**गंगा तट के किनारे के निवासियों को स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है**



**टीम एक्शन इंडिया/ऋषिकेश**
**पिछले** 2 दिनों से पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश के कारण गंगा सहित ऋषिकेश के आसपास के नदी-नालों का जलस्तर बढ़ जाने के परिणाम स्वरूप गंगा तट के किनारे के निवासियों को स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षित स्थानों पर जाने की चेतावनी दी है। टिहरी प्रशासन ने आगामी दो दिनों तक के लिए गंगा नदी में होने वाली राफ्टिंग को बंद कर दिया है। इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय प्रशासन अलर्ट हो गया है ऋषिकेश के उप जिलाधिकारी सौरभ अस्वाल, तहसीलदार चमन लाल सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण कर रहे हैं। रविवार की सुबह से हो रही लगातार बारिश के कारण नगर की तमाम मलिन बस्तियों मायाकुंड चंद्रभागा शांति नगर सर्वहारा नगर सहित नगर के बीचो बीच बहने वाले सरस्वती नाले भी भारी उफान पर आ गए हैं जिसके कारण त्रिवेणी घाट पर बनी फूलों की दुकान और श्री गंगा सभा के कार्यालय को भी खतरा उत्पन्न हो गया। इतना ही नही त्रिवेणी घाट पर गंगा नदी को जाने वाला मुख्य मार्ग पानी के कारण लबालब हो गया है। जी-20 के लिए विदेशी मेहमानों के स्वागत को गंगा नदी के बीच में बने टापू पर मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से लगाए गए सौंदर्यीकरण की दृष्टि से घास और सुंदर पेड़ भी गंगा जी की भेंट चढ़ गए हैं। यही नहीं सौन्ग नदी भी अपने पूरे उफान पर आ गई है, जिसके कारण कई गांव खतरे की जद में आ गए हैं। कुल मिलाकर बारिश के कारण नगर का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

# केदारनाथ: दीवारों पर लगी सोने की प्लेटों पर उठाया सवाल



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता और पौड़ी लोकसभा सीट से सांसद उम्मीदवार रहे मनीष खंडूडी ने केदारनाथ के गर्भ गृह की दीवारों पर लगी प्लेटों पर सवाल उठाया है। रविवार को पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस नेता मनीष खंडूडी ने पत्रकारों से बातचीत में पूर्व में प्रकाशित अखबारों की कटिंग दिखाते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जब अखबारों में यह बात प्रकाशित की जा रही थी कि केदारनाथ मंदिर की दीवारों में 230 किलो सोना लगाया जाना है, तब किसी भी भाजपा नेता ने इसका खंडन नहीं किया और खूब वाहवाही बटोरी। जब सोना लगाया गया तो वह कैसे 230 किलो से 23 किलो हो गया, यह बात समझ नहीं आ रही। मनीष ने इसे इनकम टैक्स चोरी का मामला भी बताया है। उनका कहना है कि जिस दानी दाता ने यह सोना केदारनाथ मंदिर को दान किया है, उसे रिबेट के रूप में कितना पैसा मिला है। यह जानना बेहद जरूरी है। इससे साफ हो जाएगा कि कितनी इनकम टैक्स की चोरी केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह में प्लेटों को लगाने पर की गई है।

**चोरी का मामला**

**जब सोना लगाया गया तो वह कैसे 230 किलो से 23 किलो हो गया, यह बात समझ नहीं आ रही।**

# धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के संकल्प के साथ विहिप की बैठक संपन्न

**चिंता व्यक्त की**



**हिंदू परिवार व्यवस्था को विखंडित करने के लिए देश विरोधी विभिन्न शक्तियां षड्यंत्र रच रही हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
**विश्व** हिंदू परिषद की केंद्रीय प्रबंध समिति की बैठक हिंदू परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने और धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के संकल्प के साथ रविवार को संपन्न हो गई। विहिप के केंद्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बैठक में लिये गए विभिन्न निर्णयों की रायपुर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि हिंदू परिवार व्यवस्था को विखंडित करने के लिए देश विरोधी विभिन्न शक्तियां षड्यंत्र रच रही हैं। बैठक में हिंदू परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने और धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने के संकल्प के साथ बैठक में प्रस्ताव पास किया गया। आलोक कुमार ने बताया कि हिंदू परिवार व्यवस्था पर हो रहे प्रहारों तथा बढ़ते लव जिहाद एवं धर्मांतरण की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए एक व्यापक कार्य योजना बनाई गई है। इसके अंतर्गत बजरंग दल आगामी 30 सितंबर से 14 अक्टूबर के बीच देशव्यापी शौर्य जागरण यात्राएं निकालेगा। इन यात्राओं के माध्यम से देश के हर कोने में रहने वाले हिंदुओं को संगठित कर उन्हें इन समस्याओं से निपटने में सक्षम बनाया जाएगा। दीपावली के आस-पास पूज्य संतों के देशव्यापी प्रवासों के मध्यम से जन-जन तक पहुंच बढ़ाकर व्यक्तियों को परिवारों से और परिवारों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय जीवन मूल्यों से पुनः जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। हिंदू परिवार व्यवस्था पर बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति मीडिया को जारी करते हुए विहिप कार्याध्यक्ष ने कहा कि गत कुछ दशकों में हमारी परिवार व्यवस्था पर मनोरंजन जगत, वामपंथी शिक्षाविदों एवं न्यायालयों के कुछ निर्णयों तथा भौतिकता वादी और भोगवादी मानसिकता ने गहरे आघात किए हैं। इनके कारण व्यक्ति को परिवार, कुटुंब, समाज एवं राष्ट्र से जोड़ते हुए विश्व के कल्याण की कामना तक ले जाने वाली यह अनुपम व्यवस्था विखंडन की ओर बढ़ रही है।

## पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस तीसरे ट्रायल रन के दौरान पहुंची रांची

**रांची:** पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस का तीसरा और अंतिम ट्रायल रन किया गया। यह ट्रेन रविवार को रांची में एक बजे पहुंची। इसके बाद चार बजकर 15 मिनट पर पटना के लिए रवाना हो गई। इसके पहले ट्रेन कोडरमा 9.39 पर पहुंची और दो मिनट के स्टॉपेज के बाद कोडरमा स्टेशन से अपने अगले गंतव्य स्थान हजारीबाग टाउन के लिए रवाना हो गई। प्लेटफार्म संख्या 6 खाली नहीं होने के कारण यह ट्रेन कोडरमा में हावड़ा दिल्ली डाउन लाइन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर रुकी और उसी प्लेटफार्म से उसे हजारीबाग, बरकाकाना, रांची नई रेल लाइन पर से शिफ्ट किया गया।

# स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता: कोविंद



**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**संघ** लोकसेवा आयोग परीक्षा में हिंदी माध्यम की आल इंडिया टॉपर आईएएस कृतिका मिश्रा को आर्शीर्वाद देते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की महत्ता दी जाय। उन्होंने कहा कि न्यायालय तक जन भाषा की आवश्यकता है और प्रशासनिक सुविधाओं की जनता तक पहुंच बढ़ाने के लिए स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता है। विपश्यना तकनीक का उल्लेख करते हुए दूरदर्शिता पर जोर दिया जाय। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने के लिए रविवार को सर्किट हाउस में आईएएस टॉपर कृतिका मिश्रा अपने पिता डॉ. दिवाकर मिश्रा के साथ पहुंची और उनसे मुलाकात किया।




## 'सोशल मीडिया अकाउंट सेफ रखना बड़ी बात'

**कानपुर:** कभी ईमेल पर तो कभी एसएमएस के द्वारा या फिर कभी लुभावने ऑफर दिखाकर लोगों को ठगी के जाल में फंसाने वाले साइबर अपराधी नित नए तरीके इजाद कर रहे हैं। अपने दिन का अधिकांश समय सोशल मीडिया और मोबाइल फोन पर बिताने वाले युवाओं को साइबर ठगी के नए हथकंडों से बचने के लिए पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की क्राइम ब्रांच साइबर सेल अवेयरनेस प्रोग्राम चला रही है। साइबर अवेयरनेस सेशन में शनिवार को कल्याणपुर के कोचिंग संस्थान में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। छात्रों के साथ कोचिंग में पढ़ा रहे शिक्षकों ने भी जागरूकता अभियान में भाग लिया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्त्र के पिमामिडों को देखा।

**आंकड़े** — आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2019 में 2058 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया

# झारखंड में साढ़े चार वर्षों में हत्या की 8787 वारदातें

**वारदात**




**आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में अब तक पिछले चार वर्षों की तुलना में हत्या की वारदात कम हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**
**झारखंड** में साढ़े चार वर्षों में 8787 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। राजधानी रांची में साढ़े चार वर्षों में सबसे अधिक 794 हत्या की वारदातें हुई हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2019 में 2058 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। इनमें रांची में 189, धनबाद में 102, गिरिडीह में 135, हजारीबाग में 103, जमशेदपुर में 93, पलामू में 121, साहिबगंज में 85, दुमका में 72, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 122, बोकारो में 88, लातेहार में 66, जामताड़ा में 28, सरायकेला में 64, सिमडेगा में 54, रेल धनबाद में छह, रेल जमशेदपुर में चार, देवघर में 97, गोड्डा में 76, गुमला में 128, लोहरदगा में 33, चतरा में 67, गढ़वा में 138, कोडरमा में 37 खूंटी में 81, रामगढ़ में 36, और पाकुड़ में 33 शामिल है। वर्ष 2019 में सबसे अधिक हत्या की वारदात राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 1996 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है।